


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-309 | सीहोर, रविवार 02 फरवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया बजट

# गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी शक्ति पर फोकस



नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पेश कर दिया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ती हुई और बड़ी है। हमने पिछले 10 सालों में दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण के दौरान कहा, हमारा फोकस ज्ञान (जीवाईएएन) यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, मैन्युफैक्चरिंग और मेकिंग इंडिया, रोजगार और इनोवेशन पर हमारा ध्यान केंद्रित है। साथ ही कृषि और निर्यात पर हम काम कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य विकसित भारत बनाने पर है। पीएम मोदी के नेतृत्व में इकोनॉमी को गति देंगे। ये विकसित भारत का बजट है।उन्होंने किसानों के लिए धनधान्य योजना का ऐलान किया है। उन्होंने कहा, किसानों के लिए प्रधानमंत्री धनधान्य योजना शुरू की जाएगी। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख की गई है।उन्होंने कहा, यह बजट सरकार के विकास को बढ़ाने, सभी के डेवलपमेंट, मिडिल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित है। हमने इस सदी के 25 साल पूरे करने जा रहे हैं। हमारी विकसित भारत की उम्मीदों ने हमें प्रेरणा दी है।निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा, हमारी अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पिछले 10 वर्षों में हमारे विकास के ट्रैक रिकॉर्ड और ढांचागत सुधारों ने विश्व का ध्यान हमारी ओर खींचा है। इस अवधि के दौरान, भारत की योग्यता और सामर्थ्य में भरोसा बढ़ता गया है। अगले 5 वर्षों को हम सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास में तेजी लाते हुए सबका विकास को साकार करने के अद्वितीय अवसर के रूप में देखते हैं।वित्त मंत्री ने कहा, मेक इन इंडिया, इम्प्लॉयमेंट और इनोवेशन, एनर्जी सप्लाई, स्पोर्ट्स का डेवलपमेंट, एमएसएमई का विकास हमारी विकास यात्रा में शामिल हैं और इसका ईंधन रिफॉर्म्स हैं। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद की संभावना है। ग्रामीण संपन्नता और अनुकूलन निर्माण राज्यों की भागीदारी से शुरू किया जाएगा। कौशल, निवेश से कृषि में रोजगार का सुधार होगा। इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में विकल्प पैदा करना है। युवा किसानों, ग्रामीण महिलाओं, और छोटे किसानों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पहले चरण में 100 विकासशील कृषि जिलों को शामिल किया जाएगा।उन्होंने आगे बताया, खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए सरकार राष्ट्रीय तेल मिशन को चला रही है। 10 साल पहले हमने ठोस प्रयास किए थे और दलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त की थी। तब से आय में वृद्धि और बेहतर आर्थिक क्षमता की वृद्धि हुई है। अब सरकार तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान दे रही है। इसका विवरण दिया गया है। केंद्रीय एजेंसियों में पंजीकरण और करार करने वाले किसानों से 4 साल के दौरान सभी दलहन खरीदी जाएंगी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में केंद्रीय बजट 2025 की प्रस्तुति से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को दही-चीनी खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

## इनकम टैक्स को लेकर बड़ा ऐलान, 12 लाख तक की आय कर मुक्त हुई




नई दिल्ली,(आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अब 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। मानक कटौती को मिलाकर ये सीमा 12.75 लाख रुपये तक हो जाएगी।इस दौरान संसद में मोदी-मोदी के नारे लगने लगे।वित्त मंत्री ने बताया कि अगले हफ्ते संसद में नया इनकम टैक्स विधेयक पेश किया जाएगा। अब पिछले 4 साल का आईटीआर एकसाथ फाइल कर सकेंगे।नई घोषणा के बाद अब 4 लाख तक आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।4 से 8 लाख तक की आय पर 5 प्रतिशत, 8 से 12 लाख पर 10 प्रतिशत, 12 से 16 लाख पर 15 प्रतिशत, 16 से 20 लाख पर 20 प्रतिशत, 20 से 24 लाख पर 25 प्रतिशत और 24 लाख से ज्यादा की सालाना आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगेगा।वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस सीमा 50,000 से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है।बजट पेश होने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था, मैं देवी लक्ष्मी से प्रार्थना करता हूं कि देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को उनका आशीर्वाद मिले।इससे पहले विशेषज्ञों ने बताया था कि सरकार आयकर दाताओं को नए टैक्स रिजीम अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहती हैं। इस वजह से भी उम्मीदें थीं कि इनकम टैक्स को लेकर कुछ घोषणा हो सकती है।बजट में घोषणा होने से पहले नई टैक्स रिजीम में 6 टैक्स स्लैब थे। इसमें 3 लाख रुपये की आय पर 0 प्रतिशत टैक्स लगता था। इसके बाद 3 से 7 लाख रुपये की सालाना आय पर 5 प्रतिशत, 7 से 10 लाख रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत, 10 से 12 लाख आय पर 15 प्रतिशत, 12 से 15 लाख आय पर प्रतिशत और 15 लाख से ज्यादा आय पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता था।पुरानी व्यवस्था में 2.5 लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री है। 2.5-5 लाख रुपये की आय पर 5 प्रतिशत टैक्स लगता है।हालांकि, 5 लाख तक की आय वालों को आयकर अधिनियम की धारा 87ए के तहत 12,500 रुपये की छूट मिलती है।

## किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 से बढ़कर 5 लाख हुई




नईदिल्ली,(आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट पेश कर रही हैं। बजट की शुरुआत में ही उन्होंने किसानों के लिए कई बड़े ऐलान कर दिए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लिमिट 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है।इसके अलावा खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय तेल मिशन, राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन और प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की भी घोषणा की है।वित्त मंत्री ने बजट में बिहार में मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया।उन्होंने कहा, बिहार के लोगों के लिए एक विशेष अवसर है। मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए राज्य में मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। इन गतिविधियों में लगे लोगों को एफपीओ में संगठित किया जाएगा। मखाना किसानों को सहायता और प्रशिक्षण और यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया जाएगा कि उन्हें सभी प्रासंगिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का भी ऐलान किया है। ये योजना शुरुआती चरण में 100 जिलों में शुरू होगी, जहां खेती की पैदावार कम है।इस योजना से किसानों को आधुनिक खेती, नई तकनीक और बेहतर वित्तीय सहायता मिलेगी। इसमें कम पैदावार, आधुनिक फसल गहनता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिले शामिल किए जाएंगे।




*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया। बजट में की गई घोषणाओं के कई चीजों के दाम बढ़ने की संभावना है तो वहीं कई चीजें सस्ती भी होंगी।सरकार ने लिथियम आयन बैटरी बनाने वाली कंपनियों के लिए इस्तेमाल होने वाली पूंजीगत वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी शून्य करने की घोषणा की है। इससे मोबाइल फोन और इलेक्ट्रिक वाहनों के दाम कम होने की उम्मीद है। कई मेडिकल उपकरणों, जीवन रक्षक दवाओं और कैंसर से जुड़ी दवाओं को शून्य बेसिक कस्टम ड्यूटी की सूची में जोड़ा गया है। इससे इनके भी दाम कम होंगे। आयातित मोटरसाइकिलों की विभिन्न श्रेणियों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी में पांच से 20 प्रतिशत तक की कटौती की गई है।घरेलू कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए छोटे और मध्यम लूम्स के आयात शुल्क को 7.5 को घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे इस क्षेत्र में एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलेगा और कपड़ों के दाम कम होने की उम्मीद है। वेट ब्लू लेदर और क्रस्ट लेदर पर इम्पोर्ट शुल्क को शून्य कर देने से इनके उत्पाद भी सस्ते होने की उम्मीद है। इसके अलावा, एलसीडी/एलईडी टीवी सेट के लिए ओपन सेल्स विनिर्माण के लिए पूंजीगत वस्तुओं के आयात पर शुल्क 2.5 प्रतिशत से घटाकर शून्य करने से टेलीविजन सेट सस्ते होने की उम्मीद है।तैयार कपड़ों की विभिन्न श्रेणियों के आयात पर शुल्क बढ़ाकर 20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम (जो भी ज्यादा हो) कर दिया गया है। इसके अलावा इंटरैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले पर कस्टम ड्यूटी 10 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी कर दी गई है। इससे इनके दाम भी बढ़ेंगे।*

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहनी मधुबनी साड़ी

नई दिल्ली(आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मधुबनी कला और पद्म पुरस्कार विजेता दुलारी देवी के कौशल को श्रद्धांजलि देने के लिए मिथिला कला की साड़ी पहनी हैं. दुलारी देवी 2021 की पद्म श्री पुरस्कार विजेता हैं.जब वित्त मंत्री मिथिला कला संस्थान में क्रेडिट आउटरीच गतिविधि के लिए मधुबनी गईं, तो उनकी मुलाकात दुलारी देवी से हुई और बिहार में मधुबनी कला पर उनके साथ विचारों का सौहार्दपूर्ण आदान-प्रदान हुआ था. आपको बता दें कि दुलारी देवी ने वित्त मंत्री को साड़ी भेंट की और बजट के दिन इसे पहनने के लिए कहा था।




## पुलिस रिमांड के दौरान सौरभ शर्मा को जान के खतरे की आशंका



भोपाल, (आरएनएस)। करोड़ों के भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के वकील ने रिमांड के दौरान उसकी जान को खतरा बताया है। वकील राजेश पाराशर ने शुक्रवार को लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश राम प्रसाद मिश्र की अदालत में याचिका दायर कर पुलिस रिमांड के समय सौरभ की जान का खतरा बताया। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त पुलिस द्वारा रिमांड के दौरान अदालत के आदेश की अवहेलना की जा रही है। सौरभ शर्मा को पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी जा रही है। गौरतलब है कि लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ को चार फरवरी तक सात दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। इस दौरान लोकायुक्त पुलिस मामले की जांच करने के लिए सौरभ और उसके सहयोगियों को उसके मकान सहित अन्य स्थानों पर लेकर जा रही है। याचिका मं कहा गयाा कि लोकायुक्त पुलिस बिना सुरक्षा के सौरभ शर्मा को पब्लिक में जगह-जगह लेक र जा रही ह। इससे सौरभ शर्मा की जान को खतरा है।

## दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस का जाति जनगणना कराने का वादा यूं ही नहीं



नई दिल्ली,(ए)। कुछ सालों से कांग्रेस नेता राहुल गांधी पिछड़ों के मसीहा बनने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि कांग्रेस के परंपरागत वोटर्स में कभी पिछड़ी जाति का नाम नहीं रहा है लेकिन जिस तरह राहुल गांधी पूरे देश में जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं उसका लाभ उन्हें आज नहीं तो कल निश्चित ही मिल सकता है।दिल्ली विधानसभा चुनावों में कभी पिछड़ी राजनीति का असर नहीं रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस अपने चुनावी घोषणा-पत्र में दिल्ली में जाति जनगणना कराने का वादा कर रही है तो इससे साफ है कि उसका फोकस पिछड़ी जातियों पर है। कांग्रेस की यह रणनीति अगर कारगर हो जाए तो दिल्ली चुनावों में बड़ा उलटफेर हो सकता है। दरअसल दलित और मुसलमान तो कांग्रेस के कोर वोटर्स हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि यहां से कुछ वोट तो मिलेंगे ही। अगर पिछड़ों का भी कुछ वोट मिल जाता है तो यह कांग्रेस के भविष्य का आधार तैयार करने जैसा होगा।दिल्ली में अभी तक पिछड़ी जाति के वोट लेने के लिए पार्टियां राजनीतिक अभियान चलाती रही हैं पर कभी भी यहां की राजनीति ओबीसी सेंट्रिक नहीं रही है।

### *अगले हफ्ते आएगा न्यू इनकम टैक्स बिल, वित्त मंत्री ने किया ऐलान*

*नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को अपना आठवां बजट पेश करते हुए बताया कि नया टैक्स बिल अगले हफ्ते सदन में पेश किया जाएगा। इस बिल के अंतर्गत 2025 से डायरेक्ट टैक्स में बदलाव लागू किए जाएंगे और यह वर्तमान आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा।नई टैक्स व्यवस्था के अंतर्गत टैक्स प्रावधानों को सरल बनाने, गैर-जरूरी धाराओं को हटाने और भाषा को आम नागरिकों के लिए सहज बनाने पर जोर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे कर कानूनों की समझ में आसानी आएगी, कानूनी विवादों में कमी होगी और टैक्सपेयर्स के लिए समग्र प्रणाली पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।*

### LPG सिलेंडर से भरे ट्रक में लगी भीषण आग, धमाकों से दहला इलाका; कई किलोमीटर तक सुनाई दी आवाज-



गाजियाबाद (ए)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शनिवार तड़के एलपीजी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में भीषण आग लग गई। इससे धमाका होने लगा। ब्लास्ट की आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी। आग बुझाने की कोशिश की जा रही है।धमाका थाना टीला मोड़ क्षेत्र में दिल्ली-वजीराबाद रोड पर भोपुरा चौक के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सिलेंडर से भरे ट्रक में अचानक ही आग लग गई। इसके बाद विस्फोट होने लगा। आवाज दो-तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। धमाके की आवाज सुन इलाके के लोग सहम गए और घरों से बाहर निकल आए। इस घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई और आग को बुझाने का काम शुरू हो गया।

### महाकुंभ भगदड़ के पीछे साजिश की आशंका, जांच में सच्चाई आएगी सामने : किरोड़ी लाल मीणा

जयपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर राजस्थान सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि जब सब कुछ ठीक चल रहा था, तो अचानक यह घटना कैसे हो गई। मुझे लगता है कि इसके पीछे कहीं न कहीं साजिश है। उन्होंने कहा, हमें भी लगता है कि जब सब कुछ ठीक चल रहा था, तो अचानक ये कैसे हो गया। विपक्ष और दूसरे देशों के लोग इस बात से खुश नहीं थे कि यह आयोजन इतना भव्य कैसे हो रहा है। सब कुछ ठीक चल रहा था। फिर इस तरह की घटना हो जाती है। कुछ न कुछ साजिश है। जांच होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच में घटना की सच्चाई सामने आ जाएगी।कुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 90 से ज्यादा घायल हो गए।

## गुजरात दंगों की लड़ाई की आवाज खामोश, जाकिया जाफरी का 86 साल की उम्र में निधन



अहमदाबाद (ए)। जाकिया जाफरी, 2002 के गुजरात दंगों की गवाह और न्याय की अथक योद्धा, शनिवार को अहमदाबाद में निधन हो गया। वह 86 वर्ष की थीं और बढ़ती उम्र से संबंधित बीमारियों से जूझ रही थीं।जाकिया जाफरी पूर्व कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी थीं, जो दंगों के दौरान गुलबर्ग सोसाइटी नरसंहार में मारे गए थे। उन्होंने अपने पति और अन्य पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए वर्षों तक कानूनी लड़ाई लड़ी।जाकिया जाफरी ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई राजनेताओं और अधिकारियों के खिलाफ दंगों में उनकी कथित भूमिका के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने इस मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा पेश की गई क्लोजर रिपोर्ट को भी चुनौती दी थी। हालांकि, कानूनी लड़ाई में उन्हें निराशा हाथ लगी, लेकिन जाकिया जाफरी ने न्याय की उम्मीद कभी नहीं छोड़ी।

# खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लगन से बढ़ाया प्रदेश का गौरव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों की उपलब्धि के लिए दीं बधाई



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और लगन से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 81 कि.ग्रा. पुरूष वर्ग में वेटलिफ्टिंग में वल्लूरी अजय बाबू, एक्वेटिक खेल के हाई बोर्ड प्लेटफार्म डाइविंग इवेंट में पलक शर्मा और डुएथलॉन महिला कैटेगरी में आध्या सिंह को स्वर्ण पदक अर्जित करने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्वेटिक खेल के 3 मीटर स्प्रिंग बोर्ड इवेंट में पलक शर्मा, 1500 मीटर फ्री स्टाइल मेन्स इवेंट में अद्वैत पागे, दाओशु इवेंट में रोहित जाधव और वुशु के क्विंगशु महिला इवेंट में भूरक्षा दुबे को रजत पदक प्राप्त करने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारोत्तोलन के 45 कि.ग्रा. भार वर्ग में रानी नायक, एक्वेटिक के 400 मीटर इवेंट में अद्वैत पागे तथा वुशु के शानशू इवेंट में संयोगिता सिंह को कांस्य पदक प्राप्त करने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खिलाड़ियों को सफलता के पथ पर निरंतर अग्रसर होने और नित नए कीर्तिमान रचने के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि प्रदेश के खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण से मध्यप्रदेश को खेल जगत में नव शिखर पर प्रतिष्ठित करेंगे।

## जयश्री गायत्री फूड्स की डायरेक्टर पायल मोदी ने खाया जहर

भोपाल,(आरएनएस)। जयश्री गायत्री फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक किशन मोदी की पत्नी पायल ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की है। गत दिवस शाम को पायल मोदी (उम्र 31 वर्ष) ने घर में रखी चूहे मार दवा खा ली। जिसके बाद उसे बंसल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। किशन मोदी ने बताया कि पायल की हालत गंभीर है। पुलिस के अनुसार पायल ने जहर क्यों खाया, फ़िलहाल कारण पता नहीं हे। जांच चल रही है। पायल का कथित सुसाइड-नोट भी मिला है। जिसमें केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और पाँच अन्य लोगों पर आरोप लगाए हैं। पायल मोदी जयश्री गायत्री फूड्स प्रोडक्ट्स प्रालि की निदेशक हैं। किशन मोदी जयश्री गायत्री फूड्स प्रोडक्ट्स प्रालि के मालिक और एमडी हैं। गत दिवस प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजधानी भोपाल के अलावा सीहोर और मुरैना जिले में मेसर्स जयश्री गायत्री फूड प्रोड्क्ट्स प्रालि के ठिकानों पर सर्चिंग की थी। पायल मोदी का कथित सुसाइड नोट में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और उनके पांच साथियों चंद्रप्रकाश पांडे, वेदप्रकाश पांडे, सुनील त्रिपाठी, भगवानसिंह मेवाड़ा ओर हितेष पंजाबी ओर चिराग पासवान जीजा-साले हैं। वेदप्रकाश और चंद्रप्रकाश सगे भाई हैं।

## भोपाल मंडल रेल प्रबंधक ने मक्सी-ब्यावरा राजगढ़ रेल खंड का व्यापक निरीक्षण किया





### भोपाल मंडल रेल प्रबंधक ने मक्सी-ब्यावरा राजगढ़ रेल खंड का व्यापक निरीक्षण किया

भोपाल (निप्र)। भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के नेतृत्व में मक्सी-ब्यावरा राजगढ़ रेल खंड का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने शाजापुर और ब्यावरा राजगढ़ जैसे प्रमुख स्टेशनों का दौरा किया। इन दोनों स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत आधुनिक और उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुविधाओं को और बेहतर बनाना, संरक्षा सुनिश्चित करना और अमृत स्टेशन योजना के तहत प्रगति की समीक्षा करना था।

**अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का आधुनिकीकरण**

मंडल रेल प्रबंधक ने शाजापुर और ब्यावरा राजगढ़ स्टेशनों पर अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने इन स्टेशनों पर प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, खानपान इकाइयों, फुट ओवर ब्रिज और सर्कुलेटिंग एरिया जैसी यात्री सुविधाओं के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया। श्री त्रिपाठी ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं ताकि यात्रियों को सुविधाजनक और आरामदायक अनुभव प्रदान किया जा सके। शाजापुर स्टेशन पर उन्होंने स्वच्छता और सुविधाओं के उन्नयन की समीक्षा की, जबकि ब्यावरा राजगढ़ स्टेशन पर उन्होंने यात्री सुविधाओं के विस्तार कार्यों की प्रगति देखी। अमृत स्टेशन योजना के तहत चल रहे इन कार्यों को उन्होंने संरक्षा और यात्री अनुभव को प्राथमिकता देने की दृष्टि से समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

मंडल रेल प्रबंधक ने पचोर रोड स्टेशन पर संरक्षा निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और संरक्षा उपायों का गहन निरीक्षण किया। श्री त्रिपाठी ने अधिकारियों से कहा कि रेलवे संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित और व्यवस्थित निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे संरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें। निरीक्षण के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि रेलवे अमृत स्टेशन योजना के तहत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और संरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) ऋतुराज शर्मा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक पंकज कुमार दुबे, मंडल अभियंता(पश्चिम), सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## सरकार ने सात सीएमओ के तबादला आदेश जारी किए

भोपाल, (आरएनएस)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने अपने सात अधिकारियों के तबादला आदेश जारी कर दिए हैं। इनमें कई मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी शामिल हैं। आदेश के मुताबिक ओम त्र्यंब्केश्र मिश्रा को ककरहटी जिला पन्ना से चाचौड़ा नगर पालिका का सीएमओ बनाया गया है। औबेदुल्लागंज रायसेन की सीएमओ सोनाली शर्मा को नगर पालिका बड़वानी पदस्थ किया गया है। कुशल सिंह डोडवे को बड़वानी से परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण खरगौन, प्रशांत जैन कार्यालय अधीक्षक नर्मदापुरम से सीएमओ मंडीदीप, सुधीर उपाध्याय को मंडीदीप से गैरतगंज, गिरीश शर्मा को रतनगढ़ जिला नीमच से मंदसौर के भैंलोदा और खेमचंद मुसले को भैंसोदा से रतनगढ़ का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया है।

## इनोवेशन, स्मार्ट सॉल्यूशंस और स्टाफ की कैपेसिटी बिल्डिंग पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता : मंत्री श्री सिंह

*प्रदेश के संभागों में एक साथ आयोजित हुई अभियंता प्रशिक्षण कार्यशाला*

*मंत्री श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रशिक्षण कार्यशालाओं को एक साथ किया संबोधित*



भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में एक साथ विभाग की संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रशासनिक अकादमी भोपाल के साथ प्रदेश के आठ संभागीय मुख्यालयों में एक साथ किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों पर ध्यान केंद्रित करना था। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण-अनुकूलता को बढ़ाया जा सके। इस कार्यक्रम में उप यंत्री से लेकर अधीक्षण यंत्री स्तर तक के लगभग 1760 अभियंताओं ने भाग लिया। राज्य स्तर से मुख्य अभियंताओं के आठ दल अलग-अलग संभागों में भेजे गए, जिन्होंने नवीन तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। भोपाल संभाग में प्रशिक्षण का आयोजन प्रशासन अकादमी शाहपुरा में किया गया, जिसमे लगभग 360 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तर से मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता के.पी. एस. राणा एवं मुख्य अभियंता बीपी बोरासी प्रशिक्षक के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यशाला को विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा की आज के युग में, जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट सॉल्यूशंस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, और इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

## मार्च के पहले सप्ताह में विधानसभा का बजट सत्र शुरु होने की संभावना



भोपाल, (आरएनएस)। प्रदेश सरकार का अगला बजट चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकता है। इसके लिए वित्त विभाग अपनी अंतिम तैयारी पर है। लेकिन यह 16वें वित्त आयोग की बैठक पर निर्भर रहेगा। बैठक चार और पांच मात्र्च को भोपाल में प्रस्तावित है। ऐसे में माना जा रहा है कि प्रदेश का बजट सत्र अगले माह के पहले सप्ताह में शुरु हो सकता है। पिछले दो माह से वर्ष 2025-26 का बजट तैयार करने में जुटे वित्त विभाग ने जनभागीदारी द्वारा बजट का प्रारूप तैयार किया गया है। लेकिन इस पर 16वें वित्त आयोग की बैठक के बाद ही अंकित निर्णय लिया जाएगा। जानकारों की मानें तो आयोग के समक्ष सरकार पूंजीगत मद सहित अन्य संभावनाओं के लिए अपनी दलील प्रस्तुत करेगी। जिस पर आयोग की सहमति मिलने के बाद ही वर्ष 2025-26 के बजट के प्रारूप पर मुहर लगेगी, जिसे सत्र के दौरान सदन में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाएगा। जानकारों का कहना हे कि प्रदेश का वर्ष 2024-25 का बजट तीन लाख 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। 22 हजार करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट के मायम से भी विभागों को अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराई गई है।

## पुलिस रिमांड के दौरान सौरभ शर्मा को जान के खतरे की आशंका

भोपाल,(आरएनएस)। करोड़ों के भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के वकील ने रिमांड के दौरान उसकी जान को खतरा बताया है। वकील राजेश पाराशर ने शुक्रवार को लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश राम प्रसाद मिश्र की अदालत में याचिका दायर कर पुलिस रिमांड के समय सौरभ की जान का खतरा बताया। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त पुलिस द्वारा रिमांड के दौरान अदालत के आदेश की अवहेलना की जा रही है।

## एम्स में हार्ट ट्रांसपलांट के मरीज ने पहली बार वार्ड में की चहल कदमी



भोपाल, (आरएनएस)। एम्स, भोपाल में पिछले सप्ताह हुए पहले हार्ट ट्रांसप्लांट के बाद मरीज की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है। शुक्रवार को मरीज ने वार्ड में चहलकदमी की। हालांकि बड़ी सर्जरी के लिहाज से उसे वार्ड से बाहर आने या अन्य लोगों से मिलने की अनुमति नहीं दी गई है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम होती है। ऐसे में जरा सा संकमण भी मरीज के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए मरीज की देखरेख में 24 घंटे दो डॉक्टर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा हर आधे घंटे में मरीज की जांच की जा रही है। मालूम हो कि एक्स में आठ दिन पहले मरीज को हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया था। एसम्एस प्रबंधन के अनुसार 53 वर्षीय मरीज की रिकवरी में रफ्तार अच्छी है। अब उसे बेड से उठाकर थोड़ा-थोड़ा चलाया जा रहा है। इससे ट्रांसप्लांट किए गए हार्ट की क्षमताओं का आंकलन किया जा सकेगा। यही नहीं, मरीज के लिए एम्स में एक विशेर्ष वार्ड भी तैयार किया गया है, जिसमें सिर्फ उसे ही रखा गया है। जो डॉक्टर ड्यूटी पर जाते हैं, वे भी पूरी तरह से सेनेटाइज होकर अंदर जाते हैं। मासक समेत अन्य बचाव के उपाय भी पूरे समय अपनाए जा रहे हैं। अगले सप्ताह के अंत तक मरीज को डिस्चार्ज करने की योजना है।



सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने समन्वय भवन में जिला सहकारी बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की।

## ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी आई.आर.सी.टी.सी. की भारत गौरव पर्यटक ट्रैन

### भोपाल मंडल के रानी कमलापति एवं इटारसी से होकर गुजरेगी



भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आई.आर.सी.टी.सी.) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो दिनांक 25.03.2025 को रीवा शहर से ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर, इंदौर, देवास, उज्जैन एवं रतलाम स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रैन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें/11 दिनों की इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, त्रिम्ब्केश्वर, शिरडी, भीमाशंकर एवं घृष्णेश्वर के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु. 20,700/- प्रति व्यक्ति (SL - इकॉनामी श्रेणी), रु. 34,600/- प्रति व्यक्ति ( 3AC - स्टैण्डर्ड श्रेणी) एवं रु. 45,900/- प्रति व्यक्ति (2 AC - कम्फर्ट श्रेणी) का खर्च उठाना होगा। आईआरसीटीसी, इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। कोविड नियमों का पालन होगा।

## उज्जैन-भोपाल-उज्जैन स्पेशल पैसेंजर के फेरे विस्तारित

भोपाल (निप्र)। यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के भोपाल से उज्जैन के मध्य चलाई जा रही ट्रेन न. 09313/09314 उज्जैन भोपाल- उज्जैन स्पेशल के फेरे तत्काल प्रभाव से पुन: विस्तारित किए गए है। ट्रेन न.09313 उज्जैन - भोपाल स्पेशल ,उज्जैन से 15 मार्च, 2025 तक तथा ट्रेन न. 09314 भोपाल - उज्जैन स्पेशल 16 मार्च, 2025 तक प्रतिदिन चलेगी। इस ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव आदि में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव सहित अन्य अद्यतन जानकारियों के लिए यात्रीगण www.enquiry.Indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते है।

## लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव ने किया डॉ. भीमराव अंबेडकर फ्लायओवर का निरीक्षण

भोपाल (ए.)। लोक निर्माण विभाग, मध्य प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने आज गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक नव निर्मित डॉ. भीमराव अंबेडकर फ्लायओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ विभाग के प्रमुख अभियंता, सेतु मंडल के वरिष्ठ अधिकारी तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भोपाल के क्षेत्रीय अधिकारी (मुख्य अभियंता) श्रवण कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह महत्वाकांक्षी परियोजना हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित की गई थी। निरीक्षण के दौरान यातायात सुविधा, सुरक्षा साधनों तथा नवनिर्मित एलिवेटेड ब्रिज का गहन निरीक्षण किया गया। माचार पत्रों में नवनिर्मित ब्रिज की गुणवत्ता को लेकर उठाए गए सवालों को देखते हुए निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने पाया कि एलिवेटेड कॉरिडोर के दोनों ओर क्रैश बैरियर और मुख्य केरिज-वे के बीच की लगभग 18 इंच चौड़ी पटरी की गुणवत्ता अपेक्षित स्तर की नहीं है। इस पटरी को मुख्य स्लैब से जोड़ने के कार्य में कमी देखी गई, जिसके कारण कई स्थानों पर मुख्य स्लैब और पटरी के जोड़ों में क्षरण के चिन्ह दिखाई दिए। तकनीकी अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान बताया कि करीब 3 किलोमीटर लंबे 4 लेन के इस एलिवेटेड कॉरिडोर की डिजाइन, सुरक्षा और स्ट्रक्चरल गुणवत्ता में कोई कमी नहीं है, लेकिन राइडिंग सरफेस की गुणवत्ता और फिनिशिंग संतोषजनक नहीं पाई गई। विशेष रूप से दो स्थानों पर जहां एक्सपेंशन जॉइंट लगाए गए हैं, वहां अधिक क्षरण पाया गया। निरीक्षण दल को बताया गया कि मुख्य केरिज-वे का निर्माण पेवर मशीन से किया गया था, लेकिन किनारे की 18 इंच की पटरी को मैन्युअल रूप से भरा गया था, क्योंकि वहां मशीन चलाना संभव नहीं था। गुणवत्ता में खामियों को देखते हुए लोक निर्माण विभाग, सेतु संभाग के उपयंत्री उमाकांत मिश्रा और प्रभारी सहायक यंत्री रवि शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ये दोनों अधिकारी परियोजना के प्रभारी थे और इनकी तकनीकी निरीक्षण में लापरवाही सामने आई है। इसके अलावा, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग भोपाल के कार्यपालन यंत्री जावेद शकील और सीई ब्रिज को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## मैनिट में नेचुरल हिस्ट्री एजुकेशनल सर्कल सहित दो केंद्रों का उद्घाटन

भोपाल,(आरएनएस)। मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी (मैनिट) में शुक्रवार को दो नए केंद्रों नेचुरल हिस्ट्री एजुकेशन सर्कल (एनएचईसी) और सेंटल फॉर ह्यूमन वैल्यू एन्हांसमेंट एंड वर्क-लाइफ बैलेंस का उद्घाटन हुआ। समारोह की अध्यक्षता मैनिट के निदेशक प्रो. केके शुक्ला ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र के चुनाव आयुक्त मनोज कुमार श्रीवासतव थे। प्रो. शुक्ला ने काम ओर व्यक्तिगत या पारिवारिक जीवन के बीच पर्याप्त संतुलन रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों केंद्र छात्रों और शिक्षकों को आकर्षित करेंगे।

## स्वास्थ्य शिविर में कुष्ठ रोग के कारण, उपचार की जानकारी दी

भोपाल, (आरएनएस)। एम्स, भोपाल द्वारा सीएचसी गौहरगंज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ओपीडी सेवाएं और त्वचा रोग से जुड़ी जाचें की गई। इसका उद्देश्य शिविर में आने वालों को कुष्ठ रोग सहित स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरुक करना था। इस दौरान कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, उपचार के बारे में जानकारी दी गई। रचनात्मक रूप से इन बातों को समझाने के लिए नाटक की प्रस्तुति दी गई। नाटक से संबंधित कहानियों के माध्यम से कुष्ठ रोग की प्रारंभिक पहचान, इलाज और प्रभावितों के लिए सामुदायिक समर्थन के महत्व पर प्रभावी संदशे दिए।

## डॉ. उमेश शुक्ला आयुर्विज्ञान विवि के आयुर्वेद संकाय के अध्यक्ष बने

भोपाल, (आरएनएस)। मप्र आयुर्विज्ञान विवि में आयुर्वेद संकाय के अध्यक्ष के रूप में डॉ. उमेश शुक्ला की नियुक्ति की गई है। जारी आदेश में डॉ. शुक्ला को 29 जनवरी 2025 से 28 जनवरी 2027 तक दो वर्षों के लिए संकायाध्यक्ष नियुत किया गया है। वर्तमान में वह पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद कॉलेज एवं संस्थान में प्रधानाचार्य हैं। निमा स्टूडेंट्स फोरम मप्र के अध्यक्ष हरेंद्र भदोरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष शाश्वत बावनकुले आदि ने उनका अभिनंदन कर आयुष छात्रों की समस्याओं पर चर्चा की।

## ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन तीन फरवरी से होगा

भोपाल,(आरएनएस)। राज्य आनंद संस्थान द्वारा तीन से सात फ़रवरी तक पांच दिवसीय ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसके बाद दस से 14, 17 से 21 और 24 से 28 फ़रवरी तक ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण में शासकीय एवं अशासकीय व्यक्ति पंजीयन कराकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी राज्य आंनद संस्थान की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## देह व्यापार मामले में 27 आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

भोपाल (आरएनएस)। अशोका गार्डन क्षेत्र से दो वर्ष पहले गायब नाबालिग बच्ची से देह व्यापार करवाने के मामले में अशोका गार्डन थाना पुलिस ने 27 आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने पूर्व में आरोपितों के विरुद्ध दर्ज हुए मामलों की सूची तैयार की है। जिसमें विभिन्न मामलों में 27 आरोपियों को चिन्हित किया गया है। जो लगातार कार्रवाई के बाद भी अलग-अलग जगह देह व्यापार कर रहे हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। मामले मं अब तक छह लोगों की गिरफ्तारी हुठ है, जिसमें दो लोगों को जेल भेज दिया है। जबकि चार पुलिस रिमांड पर हैं।

# दाल बाजार में लोडिंग-अनलोडिंग का समय निर्धारित हो : कलेक्टर श्रीमती चौहान

**दाल बाजार व्यापारी संघ के साथ कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने की चर्चा**

ग्वालियर (ए.)। दाल बाजार में यातायात को सुगम बनाने के लिये व्यापारी स्वयं भी प्रयास करें और दुकानदारों को समझाएं। दाल बाजार व्यवसायी समिति स्वयं दुकानदारों से चर्चा कर लोडिंग, अनलोडिंग का समय निर्धारित करें, ताकि दाल बाजार का यातायात सुगम बन सके। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शनिवार को दाल बाजार व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए यह बात कही। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित थे। शनिवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में दाल बाजार व्यापारी संघ के साथ यातायात व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दाल बाजार में वाहनों की पार्किंग, लोडिंग, अनलोडिंग एवं सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीव्ही कैमरे लगाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश कैट के अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, डॉ. सौरभ खण्डेलवाल, दाल बाजार व्यापारी समिति के अध्यक्ष दिलीप पंजवानी, समीर अग्रवाल, मनीष गोयल, पंकज अग्रवाल, सुश्री ईशान मारवाड़ी सहित नगर निगम, जिला प्रशासन और



पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने व्यापारी संघ से चर्चा करते हुए कहा कि दाल बाजार के यातायात को व्यवस्थित करने के लिये समिति के सदस्य सभी व्यवसाइयों से चर्चा कर बाजार में लोडिंग और अनलोडिंग का समय निर्धारित करें, ताकि यातायात व्यवस्थित हो सके। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सभी दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीव्ही कैमरे स्थापित करें। उन्होंने यह भी कहा कि दाल बाजार में दुकानों पर काम करने वाले व्यक्तियों के वाहनों की पार्किंग के लिये भी जगह निर्धारित कर पार्किंग कराई जाए, ताकि आने-जाने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। दाल बाजार व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने बैठक में आश्वस्त किया कि दाल बाजार में हाथ ठेले खड़े न हों, यह सुनिश्चित किया जायेगा। इसके साथ ही लोडिंग, अनलोडिंग के लिये समय निर्धारित करने के संबंध में सभी दुकानदारों से चर्चा कर समय निर्धारित करने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि व्यवसाइयों एवं उनकी दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों के वाहन भी निर्धारित स्थल पर ही पार्क हों, यह भी सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में यातायात के संबंध में अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई और सभी के सहयोग से यातायात को सुगम बनाने की दिशा में कार्य करने की बात भी कही गई।

## ग्वालियर-चंबल संभाग के लगभग 200 इंजीनियर को दिया गया प्रशिक्षण

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर एवं चंबल संभाग में पदस्थ लोक निर्माण विभाग के लगभग 200 अभियंताओं को प्रदेशव्यापी प्रशिक्षण के तहत शनिवार को यहाँ बालभवन के ऑडीटोरियम में प्रशिक्षित किया गया। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रशिक्षण लेने आए सभी अभियंताओं को संबोधित किया। उन्होंने सभी इंजीनियरों को नवीन तकनीकों से अपडेट रहने और लोक निर्माण से लोक कल्याण करने पर जोर दिया गया। भोपाल से आये मुख्य अभियंता गोपाल सिंह एवं प्रवीण जोशी आरडीसी ने प्रशिक्षण में इंजीनियरिंग की बारीकियां बताईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्वालियर रीजन के लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण यंत्री व्ही. के. झा ने की। इस आयोजन



में कार्यपालन यंत्री धर्मेन्द्र यादव की भूमिका सराहनीय रही। प्रदेशव्यापी अर्धदिवसीय प्रशिक्षण के तहत लोक निर्माण विभाग के समस्त अभियंताओं (बी.एण्ड आर, पीआईयू, एमपीआरडीसी, एमपीबीडीसी, सेतु निर्माण, एन.एच.) उपयंत्री स्तर से अधीक्षण यंत्री स्तर तक के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण के अन्तर्गत पूरे प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को अतिरिक्त प्रमुख अभियंता श्री राणा द्वारा कार्य की गुणवत्ता सुधार से संबंधित नवीन तकनीकों के बारें में बताया। इसी क्रम में विक्रांत सिंह तोमर द्वारा कार्यों की कैपेसिटी बिल्डिंग, गुणवत्ता, नवीन कम्प्यूटराईज्ड तरीकों से कार्य किये जाने के लिये विस्तृत जानकारी दी गई।

## समर्थन मूल्य पंजीयन निर्धारित तिथि में कराएं

दतिया (ए.)। जिला आपूर्ति अधिकारी एमएल मालवीय ने बताया कि रबी उर्पाजन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ के उर्पाजन के लिए कृषक पंजीयन कार्य हेतु शासन द्वारा निर्धारित तिथि 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक की गई है। किसानों द्वारा नियत स्थानों एवं तिथियों में पंजीयन कराया जाए। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था अंतर्गत 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जावे। उक्त संबध में जिले के किसान भाईयों से अपील है कि किसान भाई समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय करना चाहते है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम का आयोजन



**किसानों को वितरित की गईं बीमा पॉलिसी**

ग्वालियर (ए.)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस मौके पर बीमित किसानों को मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के अंतर्गत बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया। इस मौके पर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास आर एस शाक्यवार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश विसोरिया, फसल बीमा जिला प्रबंधक अभिषेक गौतम, जिला प्रबंधक कॉमन सर्विस सेंटर शशांक श्रीवास्तव ने किसानों को फसल बीमा से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी और फसल बीमा पॉलिसी के संबंध में विस्तार से बताया।

## जिले में उर्वरको का पर्याप्त भण्डारण

झाबुआ (ए.)। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास एन एस रावत और जिला विपणन अधिकारी सुश्री अमिता मोरे ने बताया कि जिले में रबी मौसम 2024-25 अंतर्गत अद्यतन स्थिति में उर्वरको का कुल 36447 मैट्रिक टन का भण्डारण हो कर 33955 मैट्रिक टन का वितरण हो चुका है। जिले मे सहकारी एवं निजी क्षेत्र मे अद्यतन स्थिति में यूरिया का कुल 24466 मैट्रिक टन भण्डारण हुआ है जिसमे से 23134 मैट्रिक टन वितरण उपरांत 1332 मैट्रिक टन वितरण हेतु शेष है वितरण कार्य सुचारू रूप से संचालित है। वर्ष 2023- 24 में रबी फसल मौसम में कुल उर्वरक 37500 मैट्रिक टन भंडारण एवं वितरण 34324 मैट्रिक टन का किया गया था। जिसमें से वर्ष 2023- 24 में यूरिया 26850 मैट्रिक टन भंडारण एवं वितरण 26312 मैट्रिक टन किया गया था। वर्तमान अद्यतन स्थिति में डबल लॉक केन्द्रो पर 25 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है एवं सहकारी समिति 734 मैट्रिक टन जिसे कृषक अपनी सुविधानुसार नगद मे डबल लॉक केंद्र, मार्केटिंग समिति से क्रय सकते है।

## जिले की मूकबधिर आर्टिस्ट को कलेक्टर ने 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

***सुश्री जयतिका परमार का ऑस्ट्रेलिया में तीन दिवसीय कार्यक्रम में परफॉर्मेंस देने के लिए हुआ है चयन***

झाबुआ (ए.)। जिले की मूकबधिर आर्टिस्ट सुश्री जयतिका परमार पिता श्री कमलेश परमार निवासी सुभाष मार्ग झाबुआ को का चयन ऑस्ट्रेलिया में परफॉर्मेंस होने पर कलेक्टर नेहा मीना द्वारा 50000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बालिका के पिता टेलरिंग का कार्य करते हैं एवं बालिका को ऑस्ट्रेलिया भेजने का खर्चा वहन करने में असमर्थ थे। इनके पिताजी द्वारा बताया गया कि कुल 80 हजार



राशि से अधिक का खर्चा था जिसमे वीसा तथा आने जाने का खर्च आ रहा था। कलेक्टर नेहा मीना के समक्ष उपस्थित होकर बालिका ने आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया गया।

कलेक्टर नेहा मीना ने तत्काल 50 हजार रुपए आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए बालिका के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और सांकेतिक भाषा में बालिका को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परफॉर्मेंस देने के लिए बधाई दी।

कलेक्टर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परफॉर्मेंस देना जिले ही नहीं अपितु प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है और प्रशासन का सदैव यह प्रयास रहता है कि जिले के टैलेंटेड बच्चों को प्रोत्साहित किया जाए और हर संभव मदद करने का प्रयासरत रहे। साथ ही कलेक्टर ने उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को शेष राशि की सहायता दान दाताओं के माध्यम से और अन्य हर संभव मदद के लिए कहा गया।

## विविध-समाचार

### थाने में रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

विदिशा (आरएनएस)। सिविल लाइन थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक (एएसआइ) संजय सिंह चौहान को लोकायुक्त पुलिस ने 3500 रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है। एएसआइ ने लूट के मामले में फंसे विक्रम अहिरवार से न्यायालय में चालान जल्दी पेश करने के बदले दस हजार रुपये रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त निरीक्षक रजनी तिवारी ने बताया कि डाबर निवासी विक्रम अहिरवार ने लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर से शिकायत की थी कि सिविल लाइन पुलिस थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक संजय सिंह चौहान न्यायालय में चालान पेश करने के नाम पर दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। इसका सत्यापन करने के बाद शुक्रवार दोपहर को जब विक्रम साढ़े तीन हजार रुपये रिश्वत देने पहुंचा। उसी समय लोकायुक्त की टीम ने चौहान को रंगेहाथ पकड़ लिया।

### बायपास टोल पर कारों पर 30 और बसों पर 135 रुपए बढ़ाए

इंदौर, (आरएनएस)। चुनाव के मद्देनजर अप्रैल में रोकी गई टोल दरों की वृद्धि अब लीगू हो गई है। एनएचएआई ने एबी रोड पर मांगलिया और बायपास स्थित टोल प्लाजा पर गत दिवस टोल दरों में बढ़ोतरी कर दी है। बायपास टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर की जद में रहने वाली गैर व्यावसायिक वाहनों के लिए पहले 340 रुपए का पास बनता था, जिसे यथावत रखा गया है। मालूम हो, अप्रैल से लेकर अब तक बायपास तक राऊ गोल चौरहो पर फ्लायओवर का काम पूरा हो चुका है। वहीं एमआर-दस जंक्शन, रालामंडल, अर्जुन बड़ौद ओर रसूलपुर में फ्लायओवर का काम शुरु होकर चल रहा है। उधर, टोल वृद्धि का सीधा असर ट्रांसपोर्टेशन पर आएगा। अखंडधाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप और समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल ने केंद्र एवं राज्य सरकार से आग्रह किया है कि प्रयागराज महाकुंभ मेले के शेष रहे तीन शाही स्नान के लिए निजी वाहनों से प्रयागराज जाने वलो श्रद्धालुओं एवं साधु-संतों को टोल टैक्स में दी 30 जनवरी तक की छूट को बढ़ाकर 26 फरवरी तक किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर कहा कि 30 जनवरी के बाद इंदौर से प्रयागराज तक टोल टैक्स के रूप में पाँच से छह हजार रुपए लिए जाएंगे, जो आम श्रद्धालु एवं संतो-महंतों के लिए बहुत ज्यादा रकम है।

### शव को सरकारी अस्पताल में छोडक़र भागे कर्मचारी

छतरपुर(आरएनएस)। चंदला के एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान युवक की मौत होने के बाद परिजनों ने क्लीनिक संचालक और स्टाफ पर गलत उपचार के आरोप लगाए हैं। मौत से नाराज परिजनों ने गत दिवस शव के साथ चक्काजाम कर दिया जिससे लगभग दो घंटे अस्पताल बाधित रहा। वार्ड नंबर 15 में रहने वाले नत्थू बसोर की गत दिवस तबीयत बिगड़ी थी, जिसके बाद परिजन निजी क्लीनिक लेकर पहुंचे थे। नत्थू के चाचा ने बताया कि क्लीनिक संचालक और स्टाफद्वारा नत्थू का गलत उपचार किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। क्लीनिक का स्टाफनत्थू के शव को ई-रिक्शा से चंदला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए और वहां छोडक़र भाग गए।

# व्यापार समाचार

## 19 किलोग्राम वाला एलपीजी गैस सिलेंडर 7 रुपए सस्ता हुआ

**- घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 1 अगस्त 2024 से कोई बदलाव नहीं हुआ**

नई दिल्ली (ए)। आम बजट 2025 पेश होने से पहले ही कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम घट गए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 1 फरवरी से 19 किलोग्राम सिलेंडर में एलपीजी की कीमतों में 4 रुपये से 7 रुपये की कटौती की है। यह लगातार दूसरा महीना है जब एलपीजी की कीमतें कम हुई हैं। ओएमसी हर महीने की शुरुआत




में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में संशोधन करती हैं। 1 फरवरी को एलपीजी गैस सिलेंडर के रेट में 7 रुपये की कटौती हुई है। हालांकि यह केवल 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के उपभोक्ताओं के लिए है। घरेलू गैस सिलेंडर यानी 14 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम में 1 अगस्त 2024 से कोई बदलाव नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडियन ऑयल के अनुसार दिल्ली में 1 फरवरी से 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 1797 रुपये का हो गया है। इससे पहले जनवरी में कीमत 1804 रुपये थी। इस बार भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई कटौती नहीं हुई है। पिछली बार रसोई गैस वाले सिलेंडर में कटौती अगस्त 2024 में हुई थी। दिल्ली में 14 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 803 रुपये में मिल रहा है। लखनऊ में कीमत 840.50 रुपये, जबकि कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में कीमतें क्रमशः 829, 802.50 और 818.50 रुपये है। एलपीजी की कीमतों में लेटेस्ट प्राइस कट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट 2025 भाषण से पहले आया है। ऐसे में उम्मीद है कि फाइनेंस मिनिस्टर पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पाद शुल्क में संशोधन कर सकती हैं।

## सेबी की नई पहलः निवेशकों के लिए नया वित्तीय उत्पाद

नई दिल्ली (ए)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक नया और आकर्षक वित्तीय उत्पाद लाने की योजना बनाई है, जो निवेशकों के लिए एक नया होगा। इस नए उत्पाद में म्यूचुअल फंड और लाइफ इंश्योरेंस को जोड़ने की योजना है, जिससे निवेशकों को दोनों विकल्पों के साथ निवेश करने का मौका मिलेगा। सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच ने इस नए उत्पाद के बारे में बताया कि इससे निवेशकों को लाइफ इंश्योरेंस और म्यूचुअल फंड के निवेश को जोड़ने का विकल्प मिलेगा। इसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में निवेशकों की जरूरतों को पूरा करना है, जहां निवेश की दर कम है। बुच ने बताया कि इस उत्पाद के माध्यम से निवेशकों को एक किफायती और आकर्षक विकल्प मिलेगा। उनके मुताबिक, इससे जीवन बीमा के प्रीमियम की सीमांत लागत कम होगी। इस पहल से सेबी का उद्देश्य है वित्तीय उत्पादों को बाजार की जरूरतों के हिसाब से तैयार करना, जिससे निवेश क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा मिले। यह पहल न केवल निवेशकों के लिए एक नया विकल्प होगा, बल्कि यह देश के विभिन्न हिस्सों में वित्तीय सेवाओं की पहुंच को भी बढ़ाएगा। इस पहल की जल्दी से लागू होने की उम्मीद है, जिससे निवेशकों को एक नया और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा।

## जनवरी में टोयोटा मोटर की वाहन बिक्री 19 फीसदी बढ़कर 29,371 इकाई हुई


नई दिल्ली (ए)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शनिवार को कहा कि जनवरी में उसकी बिक्री साल-दर-साल 19 प्रतिशत बढ़कर 29,371 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी माह में कंपनी ने 24,609 इकाइयां भेजी थीं। कंपनी ने पिछले महीने घरेलू बाजार में 26,178




इकाइयां बेचीं और 3,193 इकाइयां निर्यात कीं। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने एक बयान में कहा कि यह निरंतर गति ग्राहक केन्द्रितता, देश भर में ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने और नवोन्मेषी मूल्यवर्धित समाधानों पर बढ़ते जोर पर कंपनी के तीव्र फोकस को रेखांकित करती है।

टीकेएम के एक अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2025 में हमारा प्रयास भारत में कंपनी की स्थिति को और मजबूत करना है। हम मूल्यवर्धित सेवाओं और बिक्री के बाद निर्बाध समर्थन के माध्यम से ग्राहक-केंद्रितता को अनुकूलित करना जारी रखेंगे, जिसका उद्देश्य सुखद अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ऑटो निर्माता की उत्पाद रणनीति बहुविध मार्ग दृष्टिकोण के गहन दर्शन से प्रेरित होगी, जो हर किसी को उसकी गतिशीलता आवश्यकताओं के आधार पर कुछ न कुछ प्रदान करने का प्रयास करेगी।

## बजट के बाद शेयर बाजार में सपाट कारोबार, ऑटो और एफएमसीजी शेयरों में तेजी



मुंबई, (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद भारतीय शेयर बाजार में करीब सपाट कारोबार हो रहा है। खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स 150 अंक गिरकर 77,350 और निफ्टी 52 अंक गिरकर 23,446 पर था।

बजट में नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर छूट को बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है। इससे खपत से जुड़े शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। निफ्टी ऑटो इंडेक्स में 2 प्रतिशत और निफ्टी एफएमसीजी इंडेक्स में 3.73 प्रतिशत की तेजी है।

बाजार में दबाव आईटी और एनर्जी शेयरों की तरफ से आ रहा है। निफ्टी आईटी, निफ्टी मेटल, निफ्टी एनर्जी इंडेक्स में दो प्रतिशत तक की गिरावट हैं।

सेंसेक्स पैक में जोमैटो, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एमएंडएम, टाइटन, एशियन पेंट्स, नेस्ले, इंडसइंड बैंक और सनफार्मा टॉप गेनर्स थे। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, एलएंडटी, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और एसबीआई टॉप लूजर्स थे।

बजट भाषण में वित्त मंत्री द्वारा कहा गया कि नई टैक्स रिजीम के तहत 0-4 लाख रुपये की आय पर टैक्स शून्य होगा। वहीं, 4-8 लाख रुपये की आय पर 5 प्रतिशत, 8-12 लाख रुपये की आय पर 10 प्रतिशत, 12-16 लाख रुपये की आय पर 15 प्रतिशत, 16-20 लाख रुपये की आय पर 20 प्रतिशत, 20-24 लाख रुपये की आय पर 25 प्रतिशत और 24 लाख से अधिक की आय पर टैक्स की दर 30 प्रतिशत होगी।

इनकम टैक्स में छूट बढ़ाने से सरकार का डायरेक्ट टैक्स 1,00,000 लाख करोड़ रुपये और इनडायरेक्ट टैक्स 2,600 करोड़ रुपये कम होगा।

शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। सुबह 9:42 पर सेंसेक्स 206 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,706 और निफ्टी 55 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,563 पर था।

## एमएसएमई के लिए बजट में बड़ा ऐलान, बढ़ाया जाएगा क्रेडिट गारंटी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बड़े कदम उठाने की घोषणा की गई है. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर की सीमा को क्रमश: 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया जाएगा. इससे युवाओं के लिए रोजगार पैदा होगा और आर्थित स्थिति मजबूत होगी।

एमएसएमई सेक्टर में क्रेडिट कवर को बढ़ाया जाएगा. रिपोर्ट के अनुसार एमएसएमई वर्गीकरण के लिए टर्नओवर सीमा दोगुनी की जाएगी. एमएसएमई क्षेत्र के दायरे में अधिक उद्यमों को लाने के उद्देश्य से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को एमएसएमई के लिए नए वर्गीकरण मानदंडों की घोषणा की. मंत्री ने कहा कि एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश सीमा 2.5 गुना की जाएगी जबकि एमएसएमई वर्गीकरण के लिए टर्नओवर सीमा दोगुनी की जाएगी.संशोधित टर्नओवर मानदंड सूक्ष्म उद्यमों के लिए वर्तमान 5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये, लघु उद्यमों के लिए वर्तमान 50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये तथा मध्यम उद्यमों के लिए वर्तमान 250 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये किया जाएगा. रिपोर्ट के अनुसार देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की संख्या एक करोड़ है. इस क्षेत्र में 5 करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं. यह भारत को दुनिया में मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में अग्रणी देशों में बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है. एमएसएमई 45 फीसदी निर्यात में हिस्सेदारी रखते हैं. एमएसएमई मंत्रालय देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तत्पर है. इसके तहत सूक्ष्म विनिर्माण और सेवा इकाइयों को भी बढ़ावा दिया जाता है।

## विमानन क्षेत्र के लिए मॉडिफाइड उड़ान स्कीम का ऐलान, बिहार में बनेंगा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट

नई दिल्ली, (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 के भाषण में विमानन क्षेत्र के लिए संशोधित उड़ान स्कीम की ऐलान किया. सीतारमण ने कहा कि संशोधित उड़ान योजना अगले 10 वर्षों में चार करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को ले जाएगी. यह योजना पहाड़ी, आकांक्षी और पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाई अड्डों का भी समर्थन करेगी।

वित्त मंत्री सीतारमण ने बिहार के लिए संशोधित उड़ान योजना और ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की घोषणा की. उन्होंने कहा कि राज्य की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की सुविधा दी जाएगी।

## बजट 2025 : बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा बढ़ाकर 100% करने की घोषणा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को बजट 2025 भाषण में बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा मौजूदा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत की जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह बदलाव उन बीमा कंपनियों पर लागू होगा जो अपना पूरा प्रीमियम भारत में निवेश करती हैं. इस कदम का उद्देश्य 2047 तक सभी के लिए बीमा के सरकार के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाना है.बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने की के बाद बीमा कंपनियों के शेयरों में उछाल आया. एचडीएफसी लाइफ, एसबीआई लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिली.बता दें, एफडीआई सीमा को 2015 में 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत और फिर 2021 में 74 प्रतिशत किया गया था.नई घोषणा से अधिक वैश्विक बीमा कंपनियों को आकर्षित करने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और नए बाजार में प्रवेश करने वालों को लाने की उम्मीद है.इस सुधार से बीमा कंपनियों को एक इकाई के तहत कई तरह के व्यवसाय संचालित करने की अनुमति मिल सकती है।

## बजट 2025: महिला, एससी और एसटी उद्यमियों को मिलेगा 2 करोड़ तक का लोन

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के बजट में शनिवार को पहली बार महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 2 करोड़ रुपये लोन देने की योजना की घोषणा की. इससे महिला उद्यमियों को क्या लाभ होगा. वित्त मंत्री ने कहा कि 5 लाख महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा पहली बार उद्यम करने वाले लोगों के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी.विश्व आर्थिक मंच ने पाया कि भारत में लैंगिक समानता अनुपात में थोड़ा सुधार हुआ है, हालांकि यह अभी भी वैश्विक लैंगिक अंतर रिपोर्ट में निचले पायदान पर है, आर्थिक स्थिति के कारण विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की समानता में अंतर बढ़ रहा है.रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 90 प्रतिशत महिला उद्यमियों ने किसी औपचारिक वित्तीय संस्थान से उधार नहीं लिया था. 2020 के लॉकडाउन के दौरान 72 प्रतिशत महिला-नेतृत्व वाले उद्यमों के पास वित्तीय भंडार की कमी थी, जबकि 53 प्रतिशत पुरुष-स्वामित्व वाले व्यवसायों के पास वित्तीय भंडार नहीं था.भारत में महिलाओं को उनके द्वारा दी जाने वाली जमा राशि के सिर्फ़ 27 प्रतिशत के बराबर ऋण मिलता है, जबकि पुरुषों को उनकी जमा राशि के 52 प्रतिशत के बराबर ऋण मिलता है. यह अंतर वित्तीय संस्थानों द्वारा महिलाओं को समान रूप से ऋण न दिए जाने से जुड़ा हो सकता है।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## चुनावों में मुफ्त की नगदी बांटने की घोषणाएं

*दिल्ली विधानसभा चुनावों में मुफ्त की नगदी बांटने की घोषणाएं हो रही हैं। इसे लेकर राजनीतिक दलों के बीच होड़ लगी हुई है। रेवड़ी बांटने की राजनीतिक प्रवृत्ति का विरोध करने वाली भाजपा भी इस दौड़ में शामिल हो गई है। वह अपने पहले संकल्प पत्र में महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, सभी बुजुगरे को सस्ता इलाज, गैस सिलेंडर पर सब्सिडी समेत अन्य लुभावनी घोषणाएं कर चुकी है। भाजपा ने अपना दूसरा संकल्प पत्र जारी किया है। इसमें ऑटो-टैक्सी चालकों, घरेलू कामगारों और युवाओं के लिए विशेष तौर पर मदद करने की घोषणाएं की गई हैं।*

*पार्टी ने यूपीएससी और राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए 15 हजार रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर वजीफा योजना के अंतर्गत 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पहले ही महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये देने का वादा कर चुकी है।बुजुर्गों के लिए संजीवनी स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मुफ्त इलाज और ऑटो चालकों के लिए 10 लाख तक का बीमा किया जाएगा। आप 200 यूनिट बिजली मुफ्त पहले से ही दे रही है। कांग्रेस ने भी प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया है। दिल्लीवासियों का वह 25 लाख तक मुफ्त इलाज और 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी। भारत की राजनीति में मुफ्त की चीजें बांटने की प्रवृत्ति नई नहीं है।लेकिन पिछले कुछ वर्षो से इसका चलन बढ़ता गया है और अब यह प्रवृत्ति स्थायी तौर पर स्थापित हो गई है। राजनीतिक दल सार्वजनिक कल्याण करने की अपेक्षा व्यक्तिगत लाभ देने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं जिसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। राज्य द्वारा किए जाने वाले सामाजिक-आर्थिक कार्य में अवरोध पैदा होंगे। सड़कें, बांध, अस्पताल आदि सार्वजनिक कल्याण के कार्य के लिए धन कहां से आएगा।इस विषय पर कोई राजनीतिक दल गंभीरता से विचार नहीं कर रहा है। अगर मुफ्त की रेवड़ी बांटने की प्रवृत्ति चुनावी मॉडल में तब्दील हो गई तो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए धक्का होगी और आर्थिक व्यवस्था भी बेपटरी हो जाएगी जैसाकि पड़ोसी देश श्रीलंका में हुआ। समय रहते इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा।*

# शांति, संस्कृति एवं शिक्षा का महापर्व है बसंत पंचमी

बसंत पंचमी या श्री पंचमी हिन्दुओं का प्रमुख सांस्कृतिक एवं धार्मिक त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती, कामदेव और विष्णु की पूजा की जाती है। यह प्रकृति के सौंदर्य, नई शुरुआत, और सकारात्मकता का उत्सव भी है। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा से मन में शांति और ज्ञान का संचार होता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में शिक्षा, कला, सौन्दर्य और प्रकृति का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है। प्राचीन भारत और नेपाल में पूरे साल को जिन छह ऋतुओं में बांटा जाता था उनमें बसंत लोगों का सबसे मोहक, मनोरम एवं मनचाहा मौसम था। बसंत पंचमी मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, संगीत की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा एवं सौन्दर्यमय त्योहार है, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है, मां सरस्वती की पूजा करने से मां लक्ष्मी और देवी काली भी प्रसन्न होती हैं। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद होली का पर्व मनाया जाता है, इसलिए बसंत पंचमी से होली के त्योहार की शुरुआत मानी जाती है।

मान्यता है कि बसंत पंचमी को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी दिन वह हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई थीं। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफेद हंस है। यही कारण है कि देवी सरस्वती को हंसवाहिनी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती विद्या की देवी हैं। देवी का वाहन हंस यही संदेश देता है कि मां सरस्वती की कृपा उसे ही प्राप्त होती है जो हंस के समान विवेक धारण करने वाला होता है। केवल हंस में ही ऐसा विवेक होता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी कर सकता है। हंस दूध ग्रहण कर लेता है और पानी छोड़ देता है। इसी तरह हमें भी बुरी सोच को छोड़कर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए।

सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। मां सरस्वती हमेशा सफेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए। मां सरस्वती को पीले रंग प्रिय है, मान्यतानुसार पीला रंग सुख-समृद्धि और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पीला रंग बसंत पंचमी का मुख्य प्रतीक है। पीले रंग को सरस्वती मां का प्रिय रंग भी कहा जाता है। पीले फूलों को मां पर अर्पित किया जाता है, पीले रंग की साज-सज्जा की जाती है और पीले रंग के चावल माता को भोग में चढ़ाने शुभ माने जाते हैं।



(बसंत पंचमी पर विशेष)

बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरुआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीर्घायु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें।

बसंत पंचमी के साथ, बसंत ऋतु की शुरुआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरुआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमास। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है। लोकमन के आह्लाद से मुखरित वसंत ही महक और फाल्गुनी बहक के स्वर इसका लालित्य है, यही इस त्योहार की परम्परा का आह्वान है, यही इसका अलौकिक सौन्दर्य है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जनता एवं नीरसता ही दिखाई दी। वातावरण बिल्कुल शांत एवं नीरस लगा जैसे किसी की वाणी ही न हो। यह सब देखने के बाद ब्रह्माजी संतुष्ट नहीं थे तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का। जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी, वीणा और ज्ञान की देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणावादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया। इसीलिये बसंत पंचमी का सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों ही महत्व है। यह ज्ञान, संगीत, कला, सौंदर्यशास्त्र की देवी सरस्वती का त्योहार है। महाभारत के शांति पर्व में उन्हें वेदों की माता कहा गया है। वह अज्ञानता, अविद्या और अंधकार को दूर कर गर्मी, चमक, प्रकाश, माधुर्य, सद्भाव, पवित्रता और प्रसन्नता का संचार करती है।



उत्तरी कश्मीर के बारामुल्ला जिले के तंगमर्ग गांव का एक सुंदर दृश्य, जहां चिल्लई खुर्द शुरू हो रहा है, जिससे तंगमर्ग घाटी में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो रही है।

# धर्म आधारित सियासत का दौर जोरों पर

**नवल किशोर कुमार**

सियासत चाहे वह भारत की हो या फिर किसी और देश की, वह देश में रहने वालों के सापेक्ष ही होती है। भारत में विविध धर्मो और पंथों के लोग रहते हैं और यह बात किसी से भी छिपी नहीं है कि यहां की सियासत में धर्म का उपयोग होता रहा है।

धर्म आधारित सियासत के कारण ही 1947 में देश का विभाजन हुआ और भारत तथा पाकिस्तान विश्व के नक्शे पर दो राष्ट्र के रूप में उभरे। लेकिन भारतीय संविधान का आधार धर्मनिरपेक्षता है, जिसकी नजर में सभी धर्म व पंथ एक समान हैं।

वस्तुत: यह बात सही भी है, लेकिन वास्तविकता यह है कि इस देश में धर्म के आधार पर राजनीति ब्रिटिशकाल से जारी है। पहले समाज सुधार आंदोलनों के तहत 1875 में आर्य समाज की स्थापना और बाद में 1906 में मुस्लिम लीग का गठन। यह सियासत तब और जोर पकडऩे लगी जब 1925 में महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। आजादी के बाद भी धर्म की घुसपैठ लोकतांत्रिक सियासत में बनी रही। हालांकि प्रारंभिक दौर में इसके प्रभाव कम दिखते थे, लेकिन 1980 के दशक के बाद से इसका प्रभाव रोज-ब-रोज बढ़ता जा रहा है। मौजूदा सच्चाई यह है कि आज हिन्दुत्व का एजेंडा सियासत के केंद्र में है। निश्चित तौर पर इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है, लेकिन कांग्रेस की भूमिका भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं रही है। आज की पीढ़ी भले ही शाहबानो केस के बारे में नहीं जानती हो, लेकिन सत्य तो यही है कि राजीव गांधी के कार्यकाल के समय से ही कांग्रेस नरम हिन्दुत्व की पक्षधर रही है। हालांकि उसने खुलकर हिन्दुत्व का पक्ष नहीं लिया है। लिहाजा उसकी विरोधी उसके ऊपर तुष्टिकरण का आरोप लगाती रही है।बीते 27 जनवरी, 2024 को मध्य प्रदेश के महू-जो कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मस्थान है-वहां एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा नेताओं के द्वारा प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के मौके पर स्नान करने पर कटाक्ष किया कि स्नान करने से क्या गरीबी दूर हो सकती है? उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के नेतागण केवल फोटो खिंचवाने के लिए ऐसा करते हैं। हालांकि खरगे ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि उनके बयान से यदि किसी को किसी प्रकार का ठेस पहुंची हो तो वह इसके लिए माफी मांगते हैं, लेकिन सियासत में बयानों का महत्त्व वही होता है जो धनुष से निकले तीर का होता है।भाजपा के नेताओं ने खरगे के बयान की आलोचना की और उनके बयान को सनातन धर्म के अपमान से जोड़ा। इस मामले में कांग्रेस को भी एक तरह से बैकफुट पर जाना पड़ा। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को मल्लिकार्जुन खरगे के बचाव में आना पड़ा और उन्हें यह कहना पड़ा कि यह सनातन धर्म का अपमान कैसे हो सकता है? सनातन धर्म कहता है कि राजा को हमेशा अपने जन के कल्याण के बारे में सोचना चाहिए।धर्म के बहाने वे बेरोजगारी को बढ़ावा नहीं दे सकते और कानून-व्यवस्था को बर्बाद नहीं कर सकते। उन्हें धर्म' पर किताबें पढऩे और फिर दूसरों को सनातन धर्म का उपदेश देने की जरूरत है। सवाल यह है कि जब देश में धर्म आधारित सियासत का दौर जोरों पर है, तब खरगे के बयान का निहितार्थ क्या है? यह सवाल इसलिए भी कि इंडिया गठबंधन, जिसका नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही है, के एक घटक दल समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव भी महाकुंभ में स्नान करते व खरगे के शब्दों में फोटो खिंचवाते नजर आए। दरअसल, हिन्दुत्व के मामले में भाजपा कांग्रेस की तुलना में अधिक सफल है और यह मानने से किसी को गुरेज नहीं होना चाहिए कि कांग्रेस यदि भाजपा को हिन्दुत्व के मोर्चे पर घेरेगी तो उसे असफलता ही हाथ लगेगी। पूर्व में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा अपना जनेऊ दिखाया जाना एक सुस्पष्ट उदाहरण है।




मेष राशि : आज आपके दांपत्य जीवन में खुशियों का आगाज होगा। अगर नया कम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। छात्रों को अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए। जमीन जायदाद से जुड़े काम को आज पूरा कर लेंगे। इससे आपको हार्दिक खुशी होगी।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले दिनों स्वास्थ से परेशान लोगों को आज काफी राहत होगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझन होंगी। आज आपका स्वास्थ फिट रहेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आज परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की बढ़ोतरी होगी। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें। लोग आपका समर्थन करेंगे। लवमेट की पहले से चली आ रही अनबन आज ख़त्म होगी।

कर्क राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। आपके वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढेगा। लोग आपके सज्जन स्वभाव की तारीफ करेंगे।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के एम.टेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं। बेहतर रहेगा आप किसी से राय ले लें। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति बढ़ोतरी होगी। आज मनचाही वस्तु आप ले सकते हैं। आज आपको पेट सम्बंधित समस्या से छुटकारा मिलेगा। आज बाहर का खाना अवॉयड करें। ऑफिस में अपनी छवि और बेहतर करने का प्रयास करेंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज अनावश्यक किसी से वहस करने से बचें। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। दांपत्य जीवन का रिश्ता पहले से मजबूत बनेगा। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं। परिवार से दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को घरवालों से मुलाकात करने का मौका मिलेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे। अपनी जरुरत का सामान रखना न भूलें। आपके निर्णय में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा।

वृश्चिक राशि :आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार की शिथिलता से आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी। दोस्तों के साथ आज पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आपके स्वाभाव में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रूचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। स्वास्थ सम्बंधित समस्या से राहत मिलेगी। जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं जिससे अंडरस्टैंडिंग बढ़ेगी। पारिवारिक सुख समृद्धि बढेगा। स्वजनों से लगाव बना रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत बनेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन सकारात्मक उर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आपके वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज जल्दबाजी के चक्कर में काम गलत हो सकता है। ध्यान से काम करने की अवश्यकता है। आपकी जीवनशैली में पहले से अनुकूल परिवर्तन आयेगा।

कुंभ राशि : आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज ऑयली खान पान से परहेज करें। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें बात को बीच में न रोकें। इस राशि के लवमेट आज शॉपिंग पर जायेंगे। दिन मनोरंजन से भरपूर रहेगा। आपके व्यापार में पहले से बेहतर स्थिति बनेगी।

मीन राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेहपूर्वक रहे, जिससे लोगों आपकी तारीफ करें। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रूचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। हार्डवेयर के कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा। आज कुछ जानकार लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी।

# लोगों के जीवन की कोई कीमत नहीं

**श्रुति व्यास**

मौत की गंध को, थकावट को, निराशा को, दु:ख को वे लोग महसूस कर रहे थे, जो वहां मौजूद थे और इंसान थे! दोपहर होते होते फिर भगदड़' को भगदड़-जैसे हालात' बना दिया गया। हकीकत को अफवाह बताया जा रहा था। आस्था की सराहना और उसके प्रति श्रद्धा दिखाना जारी था।

एक छोटी बच्ची, थोड़ी देर पहले ही संगम में डुबकी लगाई थी। बाल अभी भी गीले थे, लेकिन शरीर ठंडा, मृत पड़ा था। एक थका-हारा आदमी ज़मीन पर पसरा हुआ था।

वह खड़ा होने को तैयार नहीं था। उसकी आंखों में नाउम्मीदी साफ नजर आ रही थी। उसका दिल हमेशा के लिया उसका साथ छोड़ कर जा चुकी उसकी पत्नी को याद कर बैठा जा रहा था।

समय- मंगलवार रात डेढ़ बजे, संगम के तट पर आस्था ने एक बेकाबू सैलाब बनाया। श्रद्धालुओं के बीच धक्कामुक्की हुई, और जो भी चीज या व्यक्ति रास्ते में आया, वह उसे कुचलता गया।

लोग एक दूसरे के ऊपर चढ़ गए, एक दूसरे को धकेलते गए और एक दूसरे के पीछे भागते गए। संगम स्थल पहुंचने के लिए आस्था पागलपन और दीवानेपन की हद तक पहुंच गई थी। और 29 की सुबह, उस शुभ, पवित्र घडी, एक त्रासदी घट गई।

सुबह 3.43 बजे मेरे मोबाइल पर मैसेज आया: कुंभ में भगदड़। कई लोगों की मौत। हम घटनास्थल पर मौजूद थे। रात 1.30 बजे आशीष कई अन्य पत्रकारों के साथ संगम की ओर जा रहे थे।

और उन्होंने अफरातफरी और जन सैलाब के नतीजे में लोगों को मरते हुए अपनी आंखों से देखा। उन लोगों के घटनास्थल तक पहुंचने के पहले ही दुर्घटना का सबसे खतरनाक वक्त बीत चुका था।

बाड़ें टूट चुकी थीं, लाशें पड़ी हुई थीं और घायल कराह रहे थे। बरबादी और जड़ता के माहौल में चारों ओर अव्यवस्था थी।

अफसर, पुलिसवाले और पीड़ितों की मदद में जुटे लोग बदहवास इधर उधर दौड़ रहे थे, छानबीन कर रहे थे, भ्रमित थे और घबराए हुए भी। मौके पर मौजूद एक अन्य पत्रकार ने संदेश भेजा मैंने एम्बुलेंस में 15 लाशों को जाते हुए देखा है।

हालांकि सुबह पांच बजे तक, बुधवार शाम तक घटना के बारे में कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की गई थी। मगर लोग रात को सब देखते हुए तो थे।

सरकारी पत्थर दिल भोंपू संगम की ओर बढ़ते जनसमुद्र की तस्वीरें दिखाते हुए अफवाहों' पर ध्यान नहीं देने की अपील कर रहे थे।

अंतत: सुबह 5.30 बजे- दुर्घटना के पूरे चार घंटे बाद- स्पेशल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर आकांक्षा राणा ने एक वक्तव्य जारी कर बताया कि संगम के मार्ग में भगदड़ जैसे हालात बन गए थे।

इस बीच ट्विटर हैंडल पर कुंभ में आए विदेशियों, नागा साधुओं और महानिर्वाणी अखाड़ा के जनक गिरी के संगम की ओर बढऩे के वीडियो डाले जा रहे थे।

हालांकि घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय पत्रकारों को अखाड़ों के माध्यम से यह सूचना मिली थी कि शाही स्नान रद्द कर दिया गया है। लेकिन अधिकारियों द्वारा आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी तब तक भी नहीं दी जा रही थी।

इस बीच मैं किसी भी ताजा खबर के लिए अपने व्हाटसएप पर नजर रखे हुए थी और बीच बीच में मेले में मौजूद लोगों को फ़ोन भी लगा रही थी।

सुबह छह बजे लंदन के गार्जियन' ने खबर को अंतरराष्ट्रीय बना दिया: जानलेवा भीड़ ने भारत के कुंभ मेले में लोगों को कुचला। विदेशी मीडिया को अब पिछली देर रात को हुई दुर्घटना की तस्वीरें, वीडियो और खबरें मिलने लगी थीं।

इसके बाद धीरे धीरे खबरें आने का सिलसिला शुरू हुआ और भारतीय मीडिया नींद से जागा। भगदड़ जैसे हालात' को भगदड़' कहा जाने लगा। हमारे मीडिया ने मृतकों की संख्या बताने से परहेज किया।

लेकिन सुबह 6.30 बजे एएफपी ने खबर दी कि उन्होंने जिस डॉक्टर से बात की है उसने बताया कि हादसे में 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

सुबह सात बजे से स्थितियां साफ होने लगीं। भगदड़ हुई थी। घटनास्थल की तस्वीरों और वीडियो से स्पष्ट हुआ कि वहां अफरातफरी के हालात थे। लोग अपने सामानों के ढेरों के ऊपर गिरे थे। तस्वीरों में जमीन पर पड़ी लाशें भी नजर आ रहीं थीं।

थोड़ी देर बाद फिर सच को धुंध में गुम करने में माहिर लोगों ने मीडिया का मोर्चा संभाल लिया। खबर की गंभीरता को कम करके बताया जाने लगा।

प्रधानमंत्री ने मोर्चा संभाला और मुख्यमंत्री योगी को तीसरा फोन कॉल करके हर प्रकार की सहायता मुहैय्या करने का आश्वासन दिया। गृह मंत्री भी हरकत में आए।

संतों को बुलाया गया और उन्होंने मीडिया को एक सुर में बाइट्स दीं: इसमें प्रशासन की कोई गलती नहीं है। वहां बहुत ज्यादा लोग थे। एक ने कहा, ऐसी घटना 1954 में जब नेहरू जी प्रधानमंत्री थे तब भी हुई थी।

इस बीच मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। शाही स्नान की इजाजत दिए जाने की बातें होने लगीं। टीवी समाचार चैनलों में हेडलाइनें चलने लगीं दस की मौत के बाद भी आस्था अडिग।टीवी स्क्रीनें फिर बदल गईं। विशाल जनसमूहों के प्रयागराज में उमडऩे की ड्रोन से ली गईं तस्वीरें दिखाई जाने लगीं।इस बीच राजनीतिक रोटियों सेंकना शुरू हो गया। एक दूसरे को दोषी ठहराने का खेल शुरू हुआ। आखिर मनुष्यों की जान की कीमत ही क्या है।ऑस्कर वाइल्ड ने लिखा था, कुछ लोग हर चीज़ का दाम जानते हैं मगर किसी चीज़ की कीमत नहीं जानते।ये शब्द भारत में इंसानी जिंदगी के बारे में जितने सार्थक और सही हैं, उतने किसी और संदर्भ में नहीं हैं। हमें इसके बारे में साफ साफ कहने में संकोच हो सकता है, होता है।या हम एक देश के रूप में इसके बारे में बात करने से कतरा सकते हैं। लेकिन वास्तविकता है कि भारत में इंसानी जिंदगी की, लोगों के जीवन की कोई कीमत नहीं है।हमारे राजनेता और उनके अधिकारी- चाहे वे किसी भी पार्टी के हों- रोजाना मनुष्य के जीवन की रुपयों में कीमत लगाते हैं। रुपयों से खरीदते है। रुपयों में तौलते हैं।लोकतांत्रिक प्रणाली में होने वाले चुनाव में आए दिन कीमत का पैमाना तय होता हैं। सत्ता की कीमत होती है, मगर इंसानों की कोई कीमत नहीं होती।अंतिम नतीजा लोगों को उनके जीने के अधिकार से वंचित कर दिया जाता है, भयमुक्त रहने की आजादी छीन ली जाती है। यहां तक कि उनसे एक गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार भी छीन लिया जाता है।जैसा कोविड के दौरान हुआ था, गंगा तब शववाहिनी हो गई थी, मगर माना नहीं गया था। हजारों भारतीयों की मौतों को स्वीकारा नहीं गया।

ठीक महाकुंभ के सबसे पुण्यदायी दिन में भी आंखों के अनुभव के आगे सुनने को मिला कि, अफवाहों पर ध्यान नहीं दें!11 बजते बजते प्रयागराज में आने के सभी रास्तों को बंद कर दिया गया। यह एक ऐसी खबर थी जो केवल मैदानी मौजूदगी वाले स्थानीय पत्रकारों को पता लगी।



# अंबानी जैसे लोगों का कर्ज माफ करते हैं मोदी : राहुल गांधी



नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली चुनाव को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सदर बाजार में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल ने कहा कि आज बजट पेश किया गया, बजट का लक्ष्य 25 लोगों को फायदा पहुंचाना था। वो आपको थोड़ा देंगे, वो थोड़ा टैक्स माफ करेंगे लेकिन बजट का लक्ष्य अगर आप देखें तो भारत का पैसा 20-25 अरबपतियों तक पहुंचाना है। उन्होंने दावा किया कि भारत में, 50 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग हैं, 15 प्रतिशत दलित हैं, 8 प्रतिशत आदिवासी हैं, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं और मान लीजिए, 5 प्रतिशत गरीब, सामान्य वर्ग के लोग हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि निजी अस्पतालों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, बड़ी कंपनियों के मालिकों को देखो, बड़े न्यायाधीशों की सूची निकालो और मुझे बताओ कि पिछड़े वर्ग से कौन हैं, दलित कौन हैं, आदिवासी, अल्पसंख्यक कौन हैं, गरीब सामान्य वर्ग से कितने हैं, वे चुने हुए लोग हैं, वे उनके मित्र हैं। राहुल ने कहा कि देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ नफरत-हिंसा है और दूसरी तरफ मोहब्बत-भाईचारा है। आरएसएस-बीजेपी के लोग संविधान को ख़त्म करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस पार्टी संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि आरएसएस-बीजेपी के लोग भाई को भाई से, एक धर्म को दूसरे धर्म से और एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। इनका लक्ष्य आपका पैसा आपसे छीनकर हिंदुस्तान के अरबपतियों को देना है। नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान के चंद अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया है। मोदी को जब भी मौका मिलता है वो अडानी-अंबानी जैसे लोगों का कर्ज माफ करते हैं। उन्होंने कहा कि ये मीडिया वाले जनता के मित्र नहीं हैं, क्योंकि यह 24 घंटा टीवी पर अंबानी की शादी और नरेंद्र मोदी का चेहरा दिखाते हैं।

राहुल ने कहा कि मीडिया वाले अडानी-मोदी के औजार है और इनका काम आपका ध्यान भटकाने का है। देश में महंगाई, बेरोजगारी है। यहां प्रदूषण है, पीने का साफ पानी नहीं है, लेकिन मीडिया जनता के मुद्दे टीवी पर नहीं दिखाती।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव नई दिल्ली में अठारहवीं लोकसभा के बजट सत्र के दौरान संसद भवन में.

## बर्ड फ्लू की पुष्टि, जिला प्रशासन ने उठाए सख्त कदम

रायगढ़ (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू की पहली बार आमद हो गई है। रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर स्थित पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के नेतृत्व में आपात बैठक आयोजित कर स्थिति को नियंत्रण में लाने के उपाय तय किए गए।रात के समय ही पोल्ट्री फार्म की पांच हजार मुर्गियों, 12 हजार चूजों और 17 हजार अंडों को नष्ट किया गया। इसके साथ ही, भारत सरकार के एक्शन प्लान के तहत पोल्ट्री फार्म के एक किलोमीटर के दायरे को 'इंफेक्टेड जोन' और 10 किलोमीटर के दायरे को 'सर्विलांस जोन' घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में मुर्गियों और अंडों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अविलंब कार्रवाई की योजना बनाई। प्रशासन ने इस मामले में लोगों को जानकारी देने के लिए एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया है। किसी भी प्रकार की जानकारी और सहयोग के लिए लोग 07762-223750 पर कॉल कर सकते हैं।

## गैस सिलेंडर के भरे ट्रक में लगी आग, 2 किलोमीटर तक सुने गए तेज धमाके

गाजियाबाद,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शनिवार तड़के गैस सिलेंडर से भरे एक ट्रक में आग लग गई, जिसके बाद सिलेंडरों में एक के बाद कई धमाके हुए। घटना दिल्ली-वजीराबाद रोड पर भोपुरा चौक पर सुबह 4:30 बजे घटी है। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिसमें रुक-रुककर धमाके होते सुनाई दे रहे हैं।ट्रक में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। हादसे में कोई भी हताहत नहीं हुआ है।अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें 4:30 बजे के बाद गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो कई धमाके हो चुके थे।अधिकारियों ने बताया कि धमाकों की आवाज 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दे रही थी। मौके पर पहुंचकर आसपास के घरों को खाली कराया गया और आग पर काबू पाया गया। आग से कुछ वाहनों और घरों को नुकसान पहुंचा है। जांच की जा रही है।

## बजट 2025: मेडिकल कॉलेज में बढ़ेंगी 75,000 सीटें, आईआईटी का भी होगा विस्तार

नईदिल्ली,(आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के लिए कई अहम घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में अगले 5 साल में 75,000 सीटें जोड़ी जाएंगी। इनमें से 10,000 सीटें अगले एक साल में बढ़ाई जाएंगी।उन्होंने कहा, पिछले दशक में 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में छात्र क्षमता दोगुनी हो गई है और अब इनमें 1.35 लाख छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।वित्त मंत्री ने कहा 5 आईआईटी को अपने बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और अतिरिक्त 6,500 छात्रों को आवास प्रदान करने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।इन 5 आईआईटी में भिलाई, धारवाड़, गोवा, जम्मू और तिरुपति आईआईटी शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने आईआईटी पटना के विस्तार के लिए विशेष रूप से धन आवंटित किया है।500 करोड़ की राशि से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के लिए एक संस्थान की स्थापना की जाएगी।वित्त मंत्री ने शिक्षा में एआई के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है, जिन्हें वैश्विक भागीदारी के माध्यम से विकसित किया जाएगा।सीतारमण ने कहा कि अगले 5 सालों में छात्रों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए जाएंगे।यह कदम सरकार के उस दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसके तहत एआई को अकादमिक और शोध संस्थानों खासतौर पर आईआईटी में एकीकृत किया जाएगा।

## बजट भाषण के साथ ही लोकसभा सोमवार तक के लिए स्थगित

नईदिल्ली,(आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आम बजट 2025 पेश करते समय कई प्रमुख ऐलान किए हैं, जिसमें इनकम टैक्स को लेकर की गई घोषणा की चर्चा शुरू हो गई है।

बजट पेश करने के बाद लोकसभा ने सर्वसम्मति से इस पर अपनी मुहर लगा दी है। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी है। शनिवार को बजट भाषण सुबह 11 बजे शुरू हुआ था। आमतौर पर शनिवार और रविवार को सदन की कार्यवाही नहीं होती, लेकिन 1 फरवरी को बजट के कारण सदन बुलाया गया था। बजट हर साल 1 फरवरी को सुबह 11 बजे पेश किया जाता है। बता दें, शनिवार को बजट भाषण शुरू होने से पहले अखिलेश यादव समेत कुछ अन्य विपक्षी सांसदों ने सदन का बहिष्कार कर दिया। उनकी मांग थी कि बजट से पहले प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ पर चर्चा की जाए। वित्त मंत्री सीतारमण ने इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव की घोषणा की है। अब 12 लाख रुपये वार्षिक कमाई करने वालों को इनकम टैक्स नहीं देना होगा। कैंसर, असाधारण और गंभीर बीमारियों के मरीजों को राहत देते हुए 36 जीवन रक्षक दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी को पूरी तरह खत्म करने और 6 दवाइयों को विशेष राहत वाली सूची में शामिल करने की घोषणा हुई है। इनकम टैक्स पर नया विधेयक लाया जाएगा और सरकारी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा होगी।

## मां के शव के साथ नौ दिनों तक घर में बंद रहीं बेटियां

हैदराबाद (आरएनएस)। सिकंदराबाद के वारासीगुडा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. अपनी मां की मौत से सदमे में दो बहनें कथित तौर पर नौ दिनों तक उसके क्षत-विक्षत शव के साथ घर में बंद रहीं. यह घटना तब सामने आई जब पड़ोसियों को घर से दुर्गंध आने लगी. पुलिस के मुताबिक, बहनों को अपनी मां से बहुत लगाव था और वे उससे अलग नहीं होना चाहती थीं. परिवार की गरीबी भी एक कारण हो सकता है. प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि अचानक हुई अपनी मां की मृत्यु से स्तब्ध बहनों ने किसी को इसकी भनक नहीं लगने दी. मृतक महिला की पहचान 45 वर्षीय ललिता के रूप में हुई है. वह अपनी दो बेटियों के साथ वारासीगुडा के रोड नंबर 3 में स्थित एक किराए के मकान में रहती थी. महिला की कुछ दिन पहले घर पर ही दिल का दौरा पड़ने के कारण मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, उसकी बेटियों ने इस घटना की जानकारी किसी को नहीं दी. रिपोर्टों से पता चलता है कि दाह संस्कार के खर्चों को वहन करने में असमर्थता के कारण, बहनों ने अपनी मां के शव के साथ नौ दिनों तक घर में रहने का फैसला किया. ललिता अपने पति से अलग रहती थी और अपनी मां के साथ वापस आ गई थी. अपनी मां की मृत्यु के बाद, ललिता कथित तौर पर अकेला महसूस कर रही थी और बीमार हो गई।

## अभिनेत्री से संन्यासिन बनी ममता कुलकर्णी ने कहा- महामंडलेश्वर बनने के लिए नहीं दिए 10 करोड़



नई दिल्ली (ए.)। बॉलीवुड की पूर्व स्टार और अब किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ममता कुलकर्णी ने फिल्म इंडस्ट्री में वापसी से इनकार किया है। उन्होंने कहा जैसे दूध से घी बन जाता है और वह अपने मूल स्वरूप में वापस नहीं आ सकता, मैं कभी फिल्मों में वापस नहीं आऊंगी। वह आज रात 10 बजे इंडिया टीवी पर प्रसारित होने वाले लोकप्रिय टीवी शो आप की अदालत में रजत शर्मा के सवालों का जवाब दे रही थीं। ममता कुलकर्णी ने इन आरोपों से इनकार किया कि उन्होंने महामंडलेश्वर बनने के लिए किन्नर अखाड़े के प्रमुख को 10 करोड़ रुपये की मोटी रकम दी है। उन्होंने कहा, 10 करोड़ रुपये तो छोड़िए, मेरे पास 1 करोड़ रुपये भी नहीं हैं। मेरे बैंक खाते फ्रीज हो गए हैं। जब मुझे महामंडलेश्वर बनाया गया तब मुझे अपने गुरु को दक्षिणा देने के लिए किसी से 2 लाख रुपये उधार लेने पड़े। पूर्व फिल्म स्टार ने कहा, मेरे तीन अपार्टमेंट जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, उनमें दीमक लग गए, क्योंकि पिछले 23 सालों से उन्हें खोला ही नहीं गया है। जिस वित्तीय संकट से मैं गुजर रही हूं उसे शब्दों में नहीं बयां कर सकती।

ममता कुलकर्णी ने कहा, जिस सीबीआई अधिकारी ने जानबूझकर मेरा नाम केस में जोड़ा, वह कमिश्नर बनना चाहता था, लेकिन बाद में उसे अपमानजनक तरीके से पद से हटा दिया गया। हाईकोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। करण अर्जुन, क्रांतिवीर, तिरंगा, सबसे बड़ा खिलाड़ी जैसी बड़ी हिट फिल्मों में काम कर चुकी इस बॉलीवुड अभिनेत्री ने शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान और अक्षय कुमार जैसे अपने साथी कलाकारों के बारे में कई दिलचस्प किस्से सुनाए। ममता कुलकर्णी ने एक किस्सा सुनाया जब करण अर्जुन की शूटिंग के दौरान शाहरुख और सलमान खान दोनों ने एक डांस सीक्वेंस के दौरान उनके साथ शरारत की थी।

## बजट भाषण के साथ ही लोकसभा सोमवार तक के लिए स्थगित

नईदिल्ली,(आरएनएस)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आम बजट 2025 पेश करते समय कई प्रमुख ऐलान किए हैं, जिसमें इनकम टैक्स को लेकर की गई घोषणा की चर्चा शुरू हो गई है। बजट पेश करने के बाद लोकसभा ने सर्वसम्मति से इस पर अपनी मुहर लगा दी है। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी है। आमतौर पर शनिवार और रविवार को सदन की कार्यवाही नहीं होती, लेकिन 1 फरवरी को बजट के कारण सदन बुलाया गया था। बजट हर साल 1 फरवरी को सुबह 11 बजे पेश किया जाता है। बता दें, शनिवार को बजट भाषण शुरू होने से पहले अखिलेश यादव समेत कुछ अन्य विपक्षी सांसदों ने सदन का बहिष्कार कर दिया। वित्त मंत्री सीतारमण ने इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव की घोषणा की है। अब 12 लाख रुपये वार्षिक कमाई करने वालों को इनकम टैक्स नहीं देना होगा।



कर्नाटक रक्षण वेदिके के सदस्य महा संघर्ष यात्रा में भाग लेते हुए मांग करते हैं कि राज्य में बेचे और उपयोग किए जाने वाले सभी उत्पादों पर 60 प्रतिशत लेबल बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में लगाए जाएं।

## केजरीवाल के बाद अब आप विधायक पर हुआ जानलेवा हमला, पार्टी ने लगाए आरोप

नई दिल्ली(ए)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच तीव्र राजनीतिक संघर्ष जारी है। 'आप' ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि भाजपा के गुंडों ने रिठाला से 'आप' विधायक महेंद्र गोयल पर जानलेवा हमला किया।इस हमले के बाद महेंद्र गोयल बेहोश हो गए और उन्हें उपचार के लिए रोहिणी स्थित अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि कुछ लोग आम आदमी पार्टी का पटका पहनकर आए थे और उन्होंने यह हमला किया। जानकारी के मुताबिक यह घटना शनिवार, 1 फरवरी को सुबह 11:15 बजे के करीब हुई। बताया गया है कि महेंद्र गोयल रिठाला इलाके में अपनी चुनावी रैली के दौरान गुंडों के हमले का शिकार हो गए।

## आप विधायक नरेश बालियानल को नहीं मिली राहत, 24 फरवरी तक बढ़ी न्यायिक हिरासत



नई दिल्ली (ए.)। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को विधायक नरेश बालियान, रोहित उर्फ अन्ना और सचिन चिकारा की न्यायिक हिरासत 24 फरवरी तक बढ़ा दी। दो अन्य आरोपी विजय गहलोत और साहिल को भी पुलिस पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) नेता नरेश बालियान को हिरासत पैरोल पर रिहा करने से इनकार कर दिया था। बालियान को दिल्ली पुलिस ने 4 दिसंबर, 2024 को कड़े महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत गिरफ्तार किया था, वह अपनी पत्नी पूजा बालियान की सहायता के लिए हिरासत पैरोल की मांग कर रहे थे, जो विकासपुरी निर्वाचन क्षेत्र से आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ रही है। हालाँकि, विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद द्वारा प्रस्तुत दिल्ली पुलिस ने बालियान की गवाहों को प्रभावित करने की क्षमता का हवाला देते हुए प्रार्थना का विरोध किया। प्रसाद ने आगे कहा कि पुलिस ने अभी तक बालियान के खिलाफ अपनी जांच पूरी नहीं की है।

## मंदिरों में व्हीआईपी दर्शन पर सुप्रीम कोर्ट बोला- किसी को खास सुविधा न मिले



नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि मंदिरों में प्रवेश के मामले में किसी के साथ कोई विशेष व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन मंदिरों में वीआईपी दर्शन सुविधाओं को समाप्त करने की मांग वाली याचिका पर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। हालांकि, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि संबंधित अधिकारी उचित समझे जाने वाली कोई भी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। अदालत ने कहा कि हालाँकि हमारी राय हो सकती है कि मंदिरों में प्रवेश के संबंध में कोई विशेष उपचार नहीं दिया जाना चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने के लिए एक उपयुक्त मामला है। हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका को खारिज करने से किसी भी तरह से रोक नहीं लगेगी। उचित अधिकारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कार्रवाई करने से रोकें। याचिकाकर्ता विजय किशोर गोस्वामी की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि मंदिरों में दर्शन के लिए वीआईपी को विशेष सुविधा देना मनमाना है और संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के सिद्धांतों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई जानी चाहिए ताकि सभी को समान अवसर मिले। जब उन्होंने कहा कि एसओपी की कमी भी भगदड़ जैसी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाओं का कारण बन रही है, तो पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता की चिंता कानून और व्यवस्था के बारे में प्रतीत होती है और याचिका उस पर विशिष्ट होनी चाहिए थी। वकील ने बताया कि देश के कुल पर्यटन क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन 50 प्रतिशत से अधिक है, और कहा कि अब 12 ज्योतिर्लिंगों और सभी शक्तिपीठों में विशेष दर्शन सुविधाओं का पालन किया जाता है। याचिका में तर्क दिया गया कि मंदिरों द्वारा निकट से दर्शन के लिए भक्तों से शुल्क लेना उन भक्तों के प्रति भेदभावपूर्ण है जिनके पास वीआईपी प्रवेश शुल्क का भुगतान करने के लिए वित्तीय संसाधन नहीं हैं।

## दिल्ली में अचानक घने कोहरे से दृश्यता घटकर 50 मीटर पहुंची, 100 से अधिक उड़ानें प्रभावित



नईदिल्ली, (आरएनएस)। उत्तर भारत के राज्यों में कम होती सर्दी के बीच दिल्ली में शनिवार की सुबह अचानक घना कोहरा छा गया, जिससे दृश्यता घटकर 50 मीटर पहुंच गई।कोहरे की वजह से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुबह 8 बजे दृश्यता 50 मीटर और हिंडन वाणिज्यिक हवाई अड्डे पर दृश्यता शून्य हो गई।इस दौरान दिल्ली से रवाना होने वाली 125 और पहुंचने वाली 21 उड़ानें लेट हुईं, जबकि सुबह 8 बजे आने-जाने वाली 14 उड़ानें रद्द कर दी गईं।भारतीय मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि दिल्ली में शनिवार और रविवार को कोहरा रहेगा। 3 और 4 फरवरी को बारिश के आसार जताए गए हैं।मौसम विभाग ने पिछले दिनों की तेज धूप के बाद अचानक कोहरा और बारिश की संभावना के लिए पश्चिम विक्षोभ को जिम्मेदार ठहराया है। बता दें, दिल्ली में शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री अधिक 27 डिग्री सेल्सियस और शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## अखिलेश यादव समेत कुछ विपक्षी सांसदों ने बहिष्कार किया, सदन से बाहर निकले




नई दिल्ली,(आरएनएस)। लोकसभा में शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किए जाने से ठीक पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही सीतारमण को भाषण की अनुमति दी, वैसे ही सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी।बिरला ने विरोध को दरकिनार कर सीतारमण को बजट पढ़ने को कहा। इसके बाद अखिलेश समेत कुछ सांसद बजट का विरोध कर सदन से बाहर चले गए।अखिलेश बजट शुरू होने से पहले उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर चर्चा की मांग कर रहे थे। पिछले दिनों यहां भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई थी।बजट शुरू होने से पहले अखिलेश ने पत्रकारों से कहा था, इस समय बजट से भी अधिक महत्वपूर्ण चीज है। महाकुंभ में लोग अपने रिश्तेदारों की तलाश कर रहे हैं...कई लोग मारे गए लेकिन सरकार मृतकों-लापता लोगों की संख्या बताने में विफल है। वहां सेना को बुलाना चाहिए।

## सीजीएमएससी में करोड़ों रुपए की घोटाले की जांच एसीबी/ईओडब्ल्यू ने की तेज

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन में करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच एसीबी/ईओडब्ल्यू ने तेज कर दी है. हाल ही में एसीबी ने सीजीएमएससी के सबसे बड़े सप्लायर मोक्षित कारपोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया था। जिसे कोर्ट ने 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है.एसीबी/ईओडब्ल्यू की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है. वहीं जांच का दायरा बढ़ाते हुए एसीबी/ईओडब्ल्यू ने 6 अधिकारियों से पूछताछ के लिए राज्य सरकार से नियम 17 ए के तहत अनुमति मांगी हैएसीबी/ईओडब्ल्यू अधिकारी ने मीनाक्षी गौतम, वसंत कौशिक, डॉ. अनिल परसाई, क्षिरौंद्र रावटिया, कमलकांत पाटनवार और आनंद राव के नाम पूछताछ के लिए भेजे हैं. सभी अधिकारी सीजीएमएससी में डेपुटेशन पर तैनात रहे हैं या वर्तमान में पोस्टेड हैं।

## भाजपा सरकार का बजट राजनीतिक स्वार्थ का अधिक और देशहित का कम: मायावती



लखनऊ(आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केंद्रीय बजट पेश किया है। इस दौरान उन्होंने कई बड़े ऐलान किए हैं। इस बजट को लेकर बसपा मुखिया मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का भी बजट, कांग्रेस की ही तरह, राजनीतिक स्वार्थ का अधिक और जन एवं देशहित का कम लगता है।बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी की जबरदस्त मार के साथ ही सड़क, पानी, शिक्षा, सुख-शांति आदि की जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण लगभग 140 करोड़ की बड़ी जनसंख्या वाले भारत में लोगों का जीवन काफी त्रस्त है, जिसका केंद्रीय बजट के माध्यम से भी निवारण होना जरूरी है।उन्होंने आगे लिखा कि वर्तमान भाजपा सरकार का भी बजट, कांग्रेस की ही तरह, राजनीतिक स्वार्थ का अधिक और जन एवं देशहित का कम लगता है। अगर ऐसा नहीं है तो इस सरकार में भी लोगों का जीवन लगातार तंग, बदहाल और दुखी क्यों? विकसित भारत का सपना बहुजनों के हित का भी होना जरूरी है। ज्ञात हो कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट पेश किया। बजट में वित्त मंत्री ने किसानों और एमएसएमई सेक्टर के लिए कई अहम ऐलान किए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह बजट विकास की रफ्तार बढ़ाने, समग्र विकास करने, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करने और मध्यम वर्ग के खर्च करने की क्षमता को बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है।

# नागा चैतन्य-साई पल्लवी की थंडेल का हिंदी ट्रेलर रिलीज, प्यार-देशभक्ति के बीच जंग की दिखी अनोखी दास्तां




नागा चैतन्य और साई पल्लवी की अपकमिंग फिल्म थंडेल का तमिल ट्रेलर पहले ही रिलीज हो चुका है जिसे एक्स पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली है. वहीं अब मेकर्स ने इसका हिंदी ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है. जिसके लिए उन्होंने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान को चुना है. जी हां थंडेल का ट्रेलर मुंबई में एक ग्रैंड इवेंट में आमिर खान ने लॉन्च किया.थंडेल के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया था कि मिस्टर परफेक्शनिस्ट थंडेल का ट्रेलर लॉन्च करेंगे, इसी वादे को पूरे करते हुए मुंबई के ग्रैंड इवेंट में आमिर खान ने थंडेल का ट्रेलर लॉन्च किया.थंडेल के ट्रेलर में नागा चैतन्य और सांई पल्लवी की केमिस्ट्री शानदार लग रही है. लेकिन ये सिर्फ एक नॉर्मल लव स्टोरी नहीं है दरअसल थंडेल की कहानी श्रीकाकुलम के मछुआरों के संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती है, जो मछली पकड़ने के दौरान गलती से पाकिस्तान के जलक्षेत्र में चले गए. इसमें नागा के कैरेक्टर 9 महीने के लिए समुद्र के अंदर ही रहना होता है और वो सिर्फ 3 महीने के लिए बाहर आता है. इस वक्त में वह अपना ज्यादातर टाइम अपनी लवर साई पल्लवी के साथ बिताते हैं. पाकिस्तान में जाने के बाद थंडेल को कई तरह के चैलेंजेस का सामना करना पड़ता और इन्हीं सब चीजों का असर दोनों की लव स्टोरी पर पड़ता है. फिल्म की कहानी प्रेम, बदला, साहस और देशभक्ति की भावनाओं का निचोड़ है. इसी बीच भरपूर ड्रामा और एख्शन देखने लायक है.आमिर खान को थंडेल का ट्रेलर काफी पसंद आया. बता दें नागा चैतन्य ने आमिर खान के साथ लाल सिंह चड्ढा में काम किया है. जब आमिर से नागा के साथ काम करने का एक्सपीरियंस पूछा गया तो उन्होंने कहा, नागा बहुत ही टैलेंटेड एक्टर हैं इसके साथ ही ये एक अच्छे पर्सन भी हैं जो ज्यादा जरुरी है. बता दें साई पल्लवी ट्रेलर लॉन्च के मौके पर मौजूद नहीं थी. फिल्म में नागा चैतन्य, साई पल्लवी और प्रकाश बेलावडी जैसे कलाकार लीड रोल में हैं. फिल्म 7 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## अंदाज के सीक्वल का हुआ ऐलान, 3 नए चेहरों को लॉन्च कर रहे सुनील दर्शन

साल 2003 में आई फिल्म अंदाज हिंदी सिनेमा की यादगार फिल्मों में से एक है। सुनील दर्शन इस फिल्म के निर्माता थे। उन्होंने इसके जरिए अक्षय कुमार, लारा दत्ता और प्रियंका चोपड़ा को लॉन्च किया गया था। अब सुनील ने लगभग 22 साल बाद अंदाज के सीक्वल का ऐलान कर दिया है।खास बात यह है कि इस इस फिल्म के जरिए भी सुनील 3 नए चेहरों को बॉलीवुड के दर्शन करवाएंगे।अंदाज 2 से नताशा फर्नांडीज, आयुष कुमार और आकिशा बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं।नताशा ने सुनील की फिल्म एक हसीना थी एक दीवाना था में अभिनय किया था तो वहीं आयुष अभिनेता अभिषेक बच्चन की दसवीं में काम कर चुके हैं। आकिशा की यह पहली फिल्म होने वाली है।अंदाज 2 का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें नताशा, आयुष और आकिशा की झलक दिख रही है। फिल्म का टीजर भी रिलीज हो चुका है।बेशक अंदाज की दूसरी किस्त में सुनील तीन नए चेहरों को लॉन्च करने जा रहे हैं, लेकिन ऐसी चर्चा है कि इसमें अक्षय, प्रियंका और लारा मेहमान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अंदाज की कहानी एक पुरुष और दो महिलाओं की प्रेम कहानी पर आधारित थी।

## बॉक्स ऑफिस पर सातवें दिन भी दिखा स्काई फोर्स का दबदबा, 100 करोड़ के करीब पहुंची कारोबार



अक्षय कुमार की 'स्काई फोर्स' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म की शुरुआत ही जबरदस्त रही थी और इसके बाद इसने ओपनिंग वीकेंड पर भी अच्छा खासा कलेक्शन कर लिया. वहीं वीकडेज में भी 'स्काई फोर्स' दर्शकों को सिनेमाघरों में खींच रही है. चलिए यहां जानते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 7वें दिन कितना कलेक्शन किया है.'स्काई फोर्स' की कहानी भारत और पाकिस्तान के बीच हुए पहले हवाई हमले के इर्द-गिर्द घूमती है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है. अब इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है और ये 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने के करीब पहुंच गई है. हालांकि, 7वें दिन फिल्म की कमाई में गिरावट देखी गई. 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के पहले दिन 15.30 करोड़ का कलेक्शन किया है. दूसरे दिन फिल्म ने 26.30 करोड़ की कमाई की थी. तीसरे दिन 'स्काई फोर्स' ने 31.60 करोड़ का कलेक्शन किया था. चौथे दिन फिल्म ने 8.10 करोड़ की कमाई की थी. इसी के साथ 'स्काई फोर्स' ने 81.30 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के 5वें दिन 5.75 करोड़ की कमाई की है. छठे दिन 'स्काई फोर्स' ने 6 करोड़ की कमाई की थी। वहीं अब फिल्म की रिलीज के 7वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'स्काई फोर्स' ने 5.50 करोड़ का कारोबार किया था. इसी के साथ 'स्काई फोर्स' ने रिलीज के 7 दिनों में 98.55 करोड़ का कलेक्शन किया है।

## बोमन ईरानी की फिल्म द मेहता बॉयज का ट्रेलर जारी, पिता-पुत्र के रिश्ते पर आधारित है फिल्म

बोमन ईरानी और अविनाश तिवारी की फिल्म द मेहता बॉयज का ट्रेलर रिलीज हो गया है. फिल्म का ट्रेलर दिल छू लेने वाली और इमोशनल कहानी की झलक देता है. ट्रेलर देखकर लगता है कि फैमिली स्ट्रगल से भरपूर फिल्म पिता-बेटे के रिश्ते की सच्ची भावनाओं को बखूबी दर्शाने वाली है, जो गलतफहमियों और अनकही भावनाओं से जूझ रहा है.परिवार के स्ट्रगल, समझौते और दूसरे मौके देने की कहानी दिखाती फिल्म द मेहता बॉयज 7 फरवरी को रिलीज होगी. फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी. फिल्म में बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी लीड रोल में हैं. बोमन ईरान ने फिल्म में अहम भूमिका निभाने के साथ-साथ इसे लिखा है, साथ ही फिल्म को डायरेक्ट और प्रोड्यूस भी किया है.द मेहता बॉयज को लेकर बोमन ईरानी ने कहा- मेरे लिए, द मेहता बॉयज एक बेहद पर्सनल जर्नी है. बाप-बेटे के बीच का रिश्ता सबसे मुश्किल और इमोशनल रिश्तों में से एक है. इस फिल्म के साथ, मैं ये दिखाना चाहता था कि दो ऐसे लोगों के बीच का बंधन, जो एक-दूसरे की बहुत परवाह करते हैं, कैसे समय, गलतफहमियों और अनसुलझे मुद्दों से परखा जा सकता है. ये एक ऐसी कहानी है जो सालों से मेरे साथ रही है और मैं इसे भारत और दुनिया भर के दर्शकों के साथ प्राइम वीडियो पर शेयर करने को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं. मैं पूरी कास्ट का तहे दिल से आभारी हूं, जिन्होंने अपने किरदारों को इतनी गहराई और सच्चाई के साथ निभाया।

एक्टर अविनाश तिवारी ने फिल्म में बोमन ईरानी के बेटे अमय की भूमिका निभाई है. उन्होंने अपने रोल को लेकर कहा- अमय का किरदार मुश्किलों से भरा हुआ है, जो पारिवारिक निष्ठा और नाराजगी के बीच उलझा हुआ है. कुछ हालात उसे अपने पिता के साथ एक टकराव में ले जाते हैं, जो उसके नजरिए को बदल देते हैं. इस जर्नी को दिखाना मेरे लिए चुनौती से भरा और संतोषजनक दोनों था. मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं, जो परिवार के बंधन और सुलह जैसे विषयों को इतने जिंदादिल तरीके से पेश करती है।

## शॉर्ट ड्रेस पहन शमा सिकंदर ने शेयर किया बोल्ड लुक, एक्ट्रेस की मदमस्त अदाएं देख फैंस के उड़े होश



टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखक फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस शमा सिकंदर अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनकी हॉटनेस और बोल्डनेस के चर्चे अक्सर सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से छा जाता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी कुछ बेहद ही ग्लैमरस फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर एक बार फिर से फैंस के होश उड़ गए हैं।एक्ट्रेस शमा सिकंदर की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने फ्लोरल प्रिंट लुक में शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देते हुए अपने आउटलुक को कंप्लीट कर रही हैं।कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका ये गॉर्जियस अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।शमा सिकंदर जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो लोग उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए प्रतिक्रियाएं देते हैं।हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट एंड गॉर्जियस। अन्य यूजर ने लिखा है- बेहद खूबसूरत हैं आप। ऐसे ही एक के बाद एक कॉमेंट आ रहे हैं।

## बचपन में सुनती थी पालकी में होके सवार, नए सीजन का हिस्सा बनना शानदार : तान्या मानिकतला




अभिनेत्री तान्या मानिकतला मशहूर ट्रैक पालकी में होके सवार के नए सीजन में नजर आईं। तान्या ने बताया कि वह इस गाने को सुनते हुए बड़ी हुई हैं और नए सीजन का हिस्सा बनना उनके लिए शानदार रहा। प्रोजेक्ट के बारे में अपनी खुशी जाहिर करते हुए तान्या मानिकतला ने कहा, टिप्स टेक 2 का हिस्सा बनना एक शानदार मौका रहा है। मुझे याद है कि बचपन में मैं पालकी में होके सवार सुनती थी- यह एक ऐसा गाना था, जो हमेशा मेरे कानों में गूंजता था और यह मेरे बड़े होने पर भी हिस्सा बना। अब इसके नए सीजन का हिस्सा बनना अवास्तविक लगता है। अभिनेत्री ने कहा, नए सीजन में एक कमाल की क्वालिटी है और फिल्मांकन के दौरान मुझे इस गाने से जुड़ाव महसूस हुआ। मैं इस गाने और वीडियो की खूबसूरती और पुरानी यादों को सबके सामने लाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। तान्या इस ट्रैक में अभिनेता इश्वाक सिंह के साथ नजर आईं। दोनों इस गाने में नई एनर्जी के साथ नजर आए, जिसे शाहिद माल्या और असीस कौर ने गाया है। मूल ट्रैक 1993 की फिल्म 'खलनायक' से है और इसे संजय दत्त और माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था। इस गाने को अलका याग्निक ने गाया और बोल आनंद बख्शी ने लिखे हैं। 'खलनायक' 1993 में रिलीज एक्शन-क्राइम फिल्म है, जिसके निर्देशक सुभाष घई हैं और फिल्म का निर्माण भी उन्होंने मुक्ता आर्ट्स लिमिटेड के तहत किया है। इस फिल्म में संजय दत्त, माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी सब-इंस्पेक्टर राम (जैकी श्रॉफ) और उसकी खास दोस्त गंगा (माधुरी दीक्षित) अपराधी बल्लू (संजय दत्त) पर केंद्रित है। तान्या को आखिरी बार हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म किल में नजर आई थीं।

### यामी गौतम की फिल्म धूम धाम का पहला गाना सिलसिला जारी, अरिजीत सिंह ने लगाए सुर

बॉलीवुड क्वीन यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'धूम धाम' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में एक्ट्रेस अभिनेता प्रतीक गांधी के साथ नजर आई हैं और दोनों की जोड़ी को ऑनस्क्रीन पहली बार देखा जा रहा है। हालांकि, फैंस भी दोनों को एक साथ काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच अब निर्माताओं ने 'धूम धाम' का पहला गाना 'सिलसिला' जारी कर दिया है।दरअसल, 'सिलसिला' को अरिजीत सिंह और जोनिता गांधी ने मिलकर गाया है। साथ ही सिद्धांत कौशल ने गाने को लिखा है। गाने में प्रतीक और यामी की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। 'धूम धाम' रोमांस और कॉमेडी से भरपूर फिल्म है, जिसमें शादी के इर्द-गिर्द मस्ती भरी कहानी को पेश किया जाएगा। वहीं फिल्म के लेखक यामी के पति आदित्य धर हैं और ऋषभ सेठ इस फिल्म के निर्देशक हैं। 'धूम धाम' को 14 फरवरी 2025 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।आपको बता दें, इस गाने में कोयल (यामी गौतम द्वारा अभिनीत) और वीर (प्रतीक गांधी द्वारा अभिनीत) खुद को एक अप्रत्याशित रोमांच पर पाते हैं, एक निर्माणाधीन इमारत पर चढ़ते हुए, बेरहम गुंडों के एक समूह से बचते हुए। अराजकता के बीच, प्यार खिलना शुरू हो जाता है क्योंकि कोयल (यामी गौतम) और वीर (प्रतीक गांधी) धीरे-धीरे एक-दूसरे की अनोखी आदतों को स्वीकार करते हैं और उनकी सराहना करते हैं।ट्रैक के बारे में बात करते हुए, संगीतकार शोर पुलिस ने कहा, सिलसिला उन ट्रैक में से एक है।

## मेरे हस्बैंड की बीवी का नया पोस्टर जारी, भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत से इश्क लड़ाना अर्जुन कपूर को पड़ेगा भारी




सिंघम अगेन में खलनायिकी से दर्शकों की रूह कंपाने वाले अभिनेता अर्जुन कपूर अब दो हसीनाओं से इश्क लड़ाते हुए नजर आएंगे। उनकी आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का नया पोस्टर जारी हुआ है। साथ ही रिलीज डेट का भी एलान कर दिया गया है। इस साल जनवरी की शुरुआत में अर्जुन कपूर की आगामी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी की अनाउंसमेंट हुई थी। एक वीडियो शेयर किया गया था जिसमें दो फीमेल शूज के बीच एक मेल शूज रखा है। वीडियो के जरिए हिंट दिया गया था कि फिल्म की कहानी एक लव ट्रायंगल पर बेस्ड होने वाली है। यह फिल्म कब सिनेमाघरों में आएगी, इसका पता चल गया है।

मेरे हसबैंड की बीवी की रिलीज डेट अनाउंस की गई है, वो भी लीड स्टार्स के फर्स्ट लुक के साथ। पोस्टर में देखा जा सकता है कि अर्जुन कपूर दो हसीनाओं के बीच फंस गए हैं। एक हसीना तो रकुल प्रीत सिंह हैं, लेकिन दूसरी अदाकारा का लुक रिवील नहीं किया गया है। घोड़े पर सवार रकुल एक हाथ से अर्जुन को घसीट रही हैं और दूसरी ओर से भी उन्हें घसीटा जा रहा है। बेचारे हैरान अर्जुन दोनों के बीच बुरा फंस गए हैं। पोस्टर के ऊपर लिखा है- लव ट्रायंगल नहीं, सर्कल है। फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए रकुल ने कैप्शन में कहा, जीवन में कलेश न चाहिए हो तो बिन बुलाए मेहमान और बिना मतलब का सामान... बाहर फेंक देना चाहिए। मेरे हसबैंड की बीवी इसी साल 21 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। मेरे हसबैंड की बीवी एक रोम-कॉम ड्रामा है, जिसमें दिखाया जाएगा कि अर्जुन किस तरह दो हीरोइनों के बीच फंस जाएंगे। फिल्म में रकुल प्रीत के अलावा दूसरी हीरोइन भूमि पेडनेकर हैं। इसका निर्देशन मुदस्सर अजीज कर रहे हैं। मेरे हसबैंड की बीवी को पूजा एंटरटेनमेंट, पीवीआर पिक्चर्स और जस्ट म्यूजिक के बैनर तले बनाया जा रहा है।

## अगर चेहरे पर चाहते हैं गुलाबी गाल तो आज से ही खाना शुरू कर दें कच्चे टमाटर



क्या आप हमेशा सुंदर और जवान दिखना चाहते हैं? इसलिए आपको रोजाना 2 कच्चे टमाटर खाने की आदत डालनी चाहिए। दरअसल, रोजाना लाल पके कच्चे टमाटर खाने की आदत शरीर को कई तरह की समस्याओं से बचा सकती है। लाल कच्चे टमाटर के सेवन से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और फिर इसके एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं।

### कच्चे टमाटर खाने के फायदे

#### 1. गुलाबी गाल पा सकते हैं

गुलाबी गल पान में कच्चे टमाटर का सेवन करने से शरीर में खून बढ़ता है और त्वचा में निखार आता है। इसमें पोटैशियम, विटामिन ए, विटामिन बी और विटामिन सी होता है। लेकिन खास बात यह है कि इसका आयरन शरीर में खून को बढ़ाने में मददगार होता है, जिससे आपके शरीर के साथ-साथ आपके गालों पर भी वह गुलाबी रंगत नजर आएगी।

#### 2. सनबर्न

सनबर्न को कम करने में टमाटर बहुत फायदेमंद होता है। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाता है। यह आपकी त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। टमाटर में मौजूद एंजाइम त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने में मदद करता है और चेहरे में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है और सनबर्न को कम करने में मदद करता है।

#### 3. झुर्रियां कम करने में मददगार

कोलेजन उत्पादन को उत्तेजित करने में कच्चे टमाटर बहुत फायदेमंद होते हैं। टमाटर का विटामिन सी कोलेजन उत्पादन को प्रोत्साहित करने में मदद करता है। साथ ही त्वचा की लोच में सुधार करने में मदद कर सकता है। जिससे आपकी त्वचा में निखार आ सकता है।

#### 4. त्वचा को मॉइस्चराइज़ करता है

रूखी त्वचा में खुजली, दरार और पपड़ी हो सकती है। विभिन्न लोशन और क्रीम रूखेपन का इलाज कर सकते हैं लेकिन समस्या को रोक नहीं सकते। हालांकि, टमाटर में मौजूद पोटेशियम एटोपिक डर्मेटाइटिस को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह चेहरे में हाइड्रेशन बढ़ाता है और त्वचा को अंदर से मॉइस्चराइज करने में मदद करता है।

## सेहत के लिए अमृत से कम नही है संतरे का जूस, जानें पीने का सही तरीका!

*इस समय के मौसम में मिक्स वातावरण देखने को मिलता है. दिन में धूप निकलने से गर्मी का अहसास होता है, जबकि सुबह-शाम और रात में ठंड का अहसास होता है. ऐसे में संतरे का जूस पीना कितना फायदेमंद हो सकता है और इसे कब पीना चाहिए. आइए जानते हैं इसके बारे में...*



इस बदलते मौसम में लोगों के मन में ये सवाल होता है कि किस फल का जूस पीना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है. लेकिन कितना और किस समय पी रहे हैं, यह बहुत जरूरी होता है. आप गन्ने का जूस पिएं या संतरे का या मौसंबी का सभी फायदेमंद होते हैं।

संतरे का जूस कब पिएं

सर्दी या गर्मी के मौसम में संतरे का जूस पीने का सही समय दोपहर का होता है, लेकिन संतरे का जूस खाली पेट भूलकर भी ना पिएं. इससे एसिडिटी हो सकती है. संतरे का जूस पीने के फायदों की बात करें तो ये जूस पीने से आपकी स्किन और बाल चमकदार हो सकती है. यह आपकी आंखों की रोशनी को भी बढ़ाता, चेहरे के कील-मुंहासों को दूर करता, दाग-धब्बों को मिटाता और झुर्रियों से छुटकारा दिलाने में मदद करता है।

इन समस्याओं में है कारगर

संतरे का जूस पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है. इसे पीने से सिर दर्द में आराम मिलता है और चक्कर आने जैसी समस्याएं दूर होती हैं. सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी को मजबूत रखता है यह जूस हाई कोलेस्ट्रोल को भी कम करता है।

संतरे का जूस नियमित सेवन से सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार का खतरा कम हो सकता है।

# 30 हजार अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखेंगे ट्रंप



वॉशिंगटन(ए)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए ग्वांतानामो बे में एक बड़े डिटेंशन सेंटर की स्थापना का आदेश दिया है। इस फैसिलिटी में 30,000 तक अवैध प्रवासियों को रखा जा सकेगा, जिन्हें बाद में अमेरिका से निर्वासित किया जाएगा।

ट्रंप प्रशासन के इस कदम की मानवाधिकार संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा आलोचना की जा रही है। उनका कहना है कि यह निर्णय मानवाधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय कानून के प्रति अनादर को दर्शाता है। ग्वांतानामो बे को पहले ही यातना और अनिश्चितकालीन हिरासत के लिए बदनाम किया गया है, और अब इसे अवैध प्रवासियों के लिए डिटेंशन सेंटर के रूप में उपयोग करना उचित नहीं है। ट्रंप ने कहा, इनमें से कुछ इतने खतरनाक हैं कि हम उन पर भरोसा नहीं कर सकते कि वे अपने मूल देशों में रह सकेंगे, इसलिए हम उन्हें ग्वांतानामो भेजने जा रहे हैं। ग्वांतानामो बे, जो दक्षिण-पूर्वी क्यूबा में स्थित है, में पहले से ही एक फैसिलिटी है, जिसका इस्तेमाल समुद्र में पकड़े गए प्रवासियों को रखने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वहां एक हाई-सिक्योरिटी जेल भी है, जो विदेशी आतंकवादियों के संदिग्धों के लिए है। इसे अमेरिका में 9/11 हमलों के बाद बनाया गया था। ट्रंप का नवीनतम कार्यकारी आदेश तब आया जब उन्होंने लेकन रिले एक्ट पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों द्वारा पारित इस कानून में उन अवैध प्रवासियों की हिरासत अनिवार्य की गईहै जिन पर चोरी से संबंधित अपराधों का आरोप है। इस अधिनियम का नाम जॉर्जिया की 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा के नाम पर रखा गया था, जिसकी 2023 में वेनेजुएला के अवैध प्रवासियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। ट्रंप के आदेश पर हस्ताक्षर करने के तुरंत बाद क्यूबा ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी। लैटिन अमेरिकी राष्ट्र के विदेश मंत्री ने कहा कि ट्रंप का विचार मानव स्थिति और अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति तिरस्कार दिखाता है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी एक बयान जारी किया, जिसमें जोर दिया गया कि ग्वांतानामो यातना, बिना आरोप या मुकदमे के अनिश्चितकालीन हिरासत और अन्य अवैध प्रथाओं की जगह रही है।

## सेना और आतंकियों के बीच बड़ी मुठभेड़, 18 सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादियों की मौत

इस्लामाबाद (आरएनएस)। बलूचिस्तान प्रांत के कलात जिले में स्थित मंगोचर शहर में एक ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान के फ्रंटियर कोर (एफसी) के कम से कम 18 सैनिकों की मौत हो गई। पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 31 जनवरी/1 फरवरी की रात को आतंकवादियों ने बलूचिस्तान के कलात जिले के मनोचर में सड़क ब्लॉक करने की कोशिश की। बयान के मुताबिक, सुरक्षा बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को तत्काल सक्रिय किया गया, जिन्होंने सफलतापूर्वक इस नापाक इरादे को नाकाम कर दिया और 12 आतंकवादियों को मार गिराया, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। बयान में कहा गया कि अभियान के दौरान 18 सैनिक भी मारे गए। आईएसपीआर ने कहा कि सुरक्षाकर्मी वर्तमान में पूरे क्षेत्र को खाली करा रहे हैं।

## लेबनान को हमारा अटूट समर्थन, मिस्र और ईरान का ऐलान

बेरूत (आरएनएस)। मिस्र और ईरान ने कई क्षेत्रों में लेबनान का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं, देश को इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष से उबरने में सहायता देने का वादा किया।

मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलट्टी ने शुक्रवार को लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से मुलाकात के दौरान उन्हें मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी का संदेश दिया। यह जानकारी सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने दी।इस मैसेज में मिस्र ने लेबनान के साथ अपनी एकजुटता जाहिर की और यह भी कहा कि वह लेबनान के प्रमुख क्षेत्रों, जैसे बिजली और गैस के पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए तैयार है।

लेबनानी राष्ट्रपति की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अब्देलट्टी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मिस्र की कंपनियां लेबनान के पुनर्निर्माण में भाग लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने लेबनान की स्थिरता के लिए मिस्र के अटूट समर्थन, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 के कार्यान्वयन और कब्जे वाले लेबनानी क्षेत्रों से इजरायल की बिना शर्त वापसी पर भी जोर दिया। अब्देलट्टी ने लेबनानी सेना का समर्थन करने और लेबनान के दक्षिणी क्षेत्र और पश्चिमी बेका क्षेत्र में विस्थापित निवासियों की उनके घरों में वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए मिस्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## कनाडा जवाब देने के लिए तैयार : अमेरिकी टैरिफ पर जस्टिन ट्रूडो

ओटावा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि यदि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडाई आयात पर शुल्क लगाते हैं तो कनाडा उद्देश्यपूर्ण, सशक्त, उचित, तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार है।


टोरंटो में कनाडा-अमेरिका संबंध परिषद की बैठक में भाषण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका देश किसी भी स्थिति के लिए तैयार है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने सीबीसी न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी।

ट्रूडो ने कहा, यह वह नहीं जो हम चाहते हैं, लेकिन यदि वह आगे बढ़ेंगे, तो हम भी कार्रवाई करेंगे।

रिपोर्ट में कहा गया कि विदेश मंत्री मेलानी जोली, सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी और आप्रवासन मंत्री मार्क मिलर सभी अमेरिकी राजधानी में हैं। वह सभी रिपब्लिकन सांसदों और ट्रंप की टीम के संपर्क में हैं ताकि राष्ट्रपति ट्रंप को मनाया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके तहत मैक्सिको और कनाडा से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत और चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत का शुल्क लगाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने कनाडाई तेल के लिए कहा कि टैरिफ दर 10 प्रतिशत होगी, जबकि कनाडा के दूसरे आयातों के लिए 25 प्रतिशत टैरिफ दर होगी लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि तेल और प्राकृतिक गैस पर व्यापक टैरिफ फरवरी के मध्य में आएंगे।अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, कच्चा तेल कनाडा से अमेरिका का शीर्ष आयात है, जो 2023 में लगभग 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। चीन, कनाडा और मेक्सिको अमेरिका के शीर्ष व्यापारिक साझेदार हैं, जिनका पिछले साल अमेरिका में आयातित वस्तुओं में 40 प्रतिशत हिस्सा था। इस बात की आशंका बढ़ रही है कि नए भारी शुल्कों से एक बड़ा व्यापार युद्ध शुरू हो सकता है और साथ ही अमेरिका में कीमतें भी बढ़ सकती हैं।

## इस बड़े देश की सियासत में नया मोड़, राष्ट्रपति ने अपनी पत्नी को बनाया 'सह राष्ट्रपति

मानागुआ (आरएनएस)। निकारागुआ के राष्ट्रपति डैनियल ऑर्टेगा और उनकी पत्नी का सरकार पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रस्तावित संवैधानिक सुधारों को गुरुवार को सर्वसम्मति से अंतिम मंजूरी मिल गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओर्टेगा ने खुद इस सुधार का प्रस्ताव रखा था, जिससे मध्य अमेरिकी देश के राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच साल से बढ़कर छह साल हो गया।ये सुधार ऑर्टेगा और उनकी पत्नी रोसारियो मुरिलो को सभी विधायी, न्यायिक, चुनावी और पर्यवेक्षी निकायों का समन्वय करने की शक्ति देते हैं, जो पहले संविधान के तहत स्वतंत्र थे। मुरिलो देश की उपराष्ट्रपति हैं लेकिन इन सुधारों के तहत अब वह देश की 'सह-राष्ट्रपति' होंगी।



नए सुधारों के तहत किसी भी सह-राष्ट्रपति को कितनी भी संख्या में उप-राष्ट्रपति चुनने की अनुमति मिलती है। ऑर्टेगा की मृत्यु की स्थिति में, मुरिलो नए चुनावों के बिना स्वचालित रूप से निकारागुआ के राष्ट्रपति बन जाएंगी।सरकार के सहयोगियों ने इन सुधारों का बचाव करते हुए कहा है कि ये लगभग 50 वर्ष पुरानी क्रांति को और गहरा करेंगे। हालांकि आलोचकों ने इन्हें तानाशाही करने वाले वंश द्वारा तेजी से सत्ता हथियाने का प्रयास बताया है। बुधवार को नेशनल असेंबली की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, इस तरह, हम अपनी क्रांति को और गहरा करने के लिए गणतंत्र के राष्ट्रपति, कमांडेंट डैनियल ऑर्टेगा और कॉम्पैनेरा रोसारियो मुरिलो के दिशा-निर्देशों का पालन करना जारी रखेंगे।

## अमेरिका में एक और विमान हादसा, 6 लोगों को ले जा रहा प्लेन दुर्घटनाग्रस्त; कई घरों में लगी आग

वाशिंगटन(ए)। अमेरिका अभी वाशिंगटन डीसी में हुई विमान दुर्घटना से उबर ही रहा था कि शुक्रवार शाम को एक और विमान दुर्घटना हो गई। पास के पेंसिल्वेनिया राज्य के फिलाडेल्फिया में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे कई घरों में आग लग गई। स्थानीय समाचार रिपोर्टों के अनुसार, यह एक मेडिकल फ्लाइट थी, जिसमें छह लोग सवार थे। सीबीएस न्यूज ने बताया कि पड़ोस के नए रूजवेल्ट बुलेवार्ड और कॉटमैन एवेन्यू में कई घरों में आग लग गई है।स्थानीय समाचार संगठन फिली वर्ब्स के अनुसार सोशल मीडिया पर गवाहों ने बताया कि बुलेवार्ड से दूर एक आउटडोर शॉपिंग सेंटर रूजवेल्ट मॉल के पास एक ऑरेंज फ्लैश दिखाई दिया। इसे रूट 1 कहा जाता है क्योंकि यह बक्स काउंटी सीमा से पहले शहर से होकर गुजरता है। वहीं, शॉपिंग सेंटर के चारों ओर घर हैं। समाचार साइट के अनुसार विमान शुक्रवार शाम 6 बजे के कुछ ही समय बाद कैस्टर्ट स्ट्रीट के 7,200 ब्लॉक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो एक आवासीय सड़क है।

## बाबा वेंगा महिला थे या पुरुष, हो गया खुलासा



स्ट्रूमिका (ए)। भविष्यवाणियों के बारे में जानने की उत्सुकता लोगों में हमेशा बनी रहती है। भविष्यवक्ता बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस दोनों की भविष्यवाणियां सही भी हुईं। बाबा वेंगा की भविष्यवाणियाँ विशेष रूप से लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं, और अब साल 2025 के लिए भी उनकी भविष्यवाणियाँ सामने आ चुकी हैं।

लेकिन बाबा वेंगा को लेकर एक सवाल आज भी लोगों के मन में है - क्या वह महिला थीं या पुरुष? इस विषय पर अब भी कई लोग कन्फ्यूज रहते हैं। आइए जानते हैं इस कन्फ्यूजन का सच। वास्तव में, बाबा वेंगा एक महिला थीं, और उनका असली नाम वांगेलिया गुस्ताव पंडेवा था। हालांकि, पूरी दुनिया उन्हें बाबा वेंगा के नाम से ही जानती है। बाबा शब्द बुल्गारियाई भाषा का एक सम्मानजनक शब्द है, जिसका अर्थ है बुजुर्ग महिला या दादी, और इसे प्यार और सम्मान के साथ बुजुर्ग महिलाओं को संबोधित करने के लिए प्रयोग किया जाता है। इस नाम के कारण ही कई लोग उन्हें पुरुष समझ लेते हैं, लेकिन सच तो यह है कि बाबा वेंगा एक प्रसिद्ध महिला ज्योतिषी और भविष्यवक्ता थीं। बाबा वेंगा का जन्म 31 जनवरी 1911 को बुल्गारिया के स्ट्रूमिका शहर में हुआ था। बचपन में ही उन्होंने ज्योतिष और भविष्यवाणी में गहरी रुचि दिखाना शुरू कर दिया था। 12 साल की उम्र में एक दुखद घटना घटी, जिसमें उनकी आंखें चली गईं। इसके बाद उन्होंने अपना अधिकांश जीवन बुल्गारिया के बेलासिका पहाड़ों में स्थित रूपाइट क्षेत्र में बिताया, जहाँ उन्होंने अपनी भविष्यवाणी करने की कला को विकसित किया। बाबा वेंगा को विशेष रूप से उनकी भविष्यवाणियों के लिए जाना जाता है। ऐसा दावा किया जाता है कि उन्होंने न केवल व्यक्तिगत भविष्यवाणियाँ कीं, बल्कि बड़ी वैश्विक घटनाओं के बारे में भी भविष्यवाणी की, जो बाद में सच साबित हुईं। यही वजह है कि लोग उनकी भविष्यवाणियों को लेकर आज भी बहुत उत्सुक रहते हैं।

## 125 साल बाद फ्रांसीसी सैनिकों की चाड से पूर्ण वापसी

एन'जामेना (आरएनएस)। मध्य अफ्रीकी देश चाड ने शुक्रवार को एक समारोह आयोजित कर फ्रांसीसी सैनिकों की औपचारिक वापसी का स्वागत किया। इस समारोह में फ्रांस ने चाड की राजधानी एन'जामेना स्थित अपना प्रमुख सैन्य अड्डा चाड के अधिकारियों को सौंप दिया। इसके बाद चाड में 125 साल से चली आ रही फ्रांसीसी सैन्य उपस्थिति का अंत हो गया।चाड के राष्ट्रपति महामत इद्रिस डेबी इटनो ने इस अवसर पर कहा कि उनका देश फ्रांस के साथ अपने संबंधों को समाप्त नहीं कर रहा है, लेकिन सैन्य सहयोग को खत्म कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि चाड अन्य अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ बातचीत के विकल्प खुले रखेगा, लेकिन किसी भी नए गठबंधन का आधार आपसी सम्मान और स्वतंत्रता तथा संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। राष्ट्रपति डेबी ने कहा कि अब चाड को अपने सैनिकों की बहादुरी और क्षमता पर भरोसा रखना होगा और एक मजबूत तथा सुसज्जित सेना का निर्माण करना होगा।

## खेल समाचार

## शमी ने साहा को विदाई दी, कहा-आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी

नई दिल्ली,( आरएनएस)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को क्रिकेट के खेल पर 'अमिट छाप' छोड़ने के लिए बधाई दी है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है।



शुक्रवार को ईडन गार्डन्स में पंजाब के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के दूसरे दिन साहा को उनके साथियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

शमी ने कहा, आज हम भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे दिग्गज रिद्धिमान साहा को विदाई दे रहे हैं। उनकी शानदार विकेटकीपिंग और मैदान के अंदर और बाहर अनगिनत यादगार पलों ने एक अमिट छाप छोड़ी है। रणजी ट्रॉफी से लेकर राष्ट्रीय टीम तक, उनके समर्पण और जुनून ने हम सभी को प्रेरित किया है। रिद्धिमान, आपके अगले अध्याय के लिए आपको शुभकामनाएं। आपकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी!141 प्रथम श्रेणी मैचों में, साहा ने 48.68 की औसत से 7,169 रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 44 अर्द्धशतक शामिल हैं। 40 वर्षीय साहा ने आखिरी बार दिसंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में भारत के लिए खेला था।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, साहा ने 40 टेस्ट में भाग लिया, जिसमें 29.41 की औसत से 1,353 रन बनाए, साथ ही नौ वनडे भी खेले। हालांकि उन्होंने आईपीएल 2025 की नीलामी को छोड़ दिया, लेकिन साहा 2008 से हर आईपीएल सीज़न में खेले हैं। वह हाल ही में गुजरात टाइटन्स के साथ थे, जिसने 2022 में खिताब जीता। पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइज़र्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स का भी प्रतिनिधित्व किया है, जहां उन्होंने 2014 के फाइनल में शतक बनाया था। 40 वर्षीय साहा ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीज़न के दौरान क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी। साहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायर होने से पहले में बंगाल के लिए आखिरी बार खेलने का मौका पाकर गौरवान्वित हूं। आइए इस सीजन को यादगार बनाएं!

## युवराज, डुमिनी, तरंगा पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे

मुंबई, ( आरएनएस)। क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक युवराज सिंह, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) के पहले सीजन में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो 22 फरवरी से 16 मार्च तक खेला जाएगा।

गौरव और खेल बदलने वाले क्षणों का पर्याय बन चुके युवराज 2007 में पहले आईसीसी टी20 विश्व कप में भारत की जीत के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे, जिसके दौरान उन्होंने स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए थे। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2011 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया था। इंडिया मास्टर्स टीम के हिस्से के रूप में क्रिकेट में अपनी वापसी पर बात करते हुए, युवराज सिंह ने कहा, सचिन और मेरे अन्य साथियों के साथ मैदान पर उतरना गौरवशाली दिनों को फिर से जीने जैसा लगता है। उन सभी के साथ खेलना बहुत सारी यादें वापस लाता है। मेरे लिए, आईएमएल उस युग को श्रद्धांजलि है जिसने भारतीय क्रिकेट को परिभाषित किया, और मैं उन सभी प्रशंसकों के लिए कुछ और अविस्मरणीय यादें बनाने का इंतजार नहीं कर सकता, जिन्होंने वर्षों से हमारा समर्थन किया है। आईएमएल के क्रिकेट मास्टर्स परिवार में उनके साथ दक्षिण अफ्रीका के जेपी डुमिनी और श्रीलंका के उपुल तरंगा भी शामिल हैं।

## कप्तान सूर्यकुमार ने सीरीज जीतने के बाद टीम के लचीलेपन और सकारात्मक इरादे की प्रशंसा की



पुणे, ( आरएनएस)। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में 15 रन से जीत हासिल करने के बाद अपनी टीम के लचीलेपन और सकारात्मक मानसिकता की प्रशंसा की। इस जीत ने भारत को पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त दिला दी है। यादव ने शुक्रवार को मैच के बाद कहा, मैदान पर सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। शुरुआत से लेकर आखिर तक दर्शकों की भीड़ रही, वे हमेशा हमारे पीछे थे और सभी ने हमारा समर्थन किया। हम 12/3 के बाद पीछे नहीं हटना चाहते थे और लड़कों को पता है कि हम किस तरह का क्रिकेट खेलना चाहते हैं। भारत की पारी की शुरुआत साकिब महमूद के रिकॉर्ड-तोड़ ट्रिपल-विकेट मेडन से हुई, जिससे मेजबान टीम दो ओवर में 12/3 पर सिमट गई। लेकिन यादव ने अपनी टीम की अटूट भावना पर जोर दिया, खासकर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे ने संकट का सामना करने के तरीके पर। दोनों ने 88 रन की साझेदारी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने 53 रन बनाए, जिससे भारत ने 181/9 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया।सूर्या ने कहा, एक ओवर में तीन विकेट, यह हमारे लिए बहुत ज्यादा था। लेकिन जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, जिस तरह से उन्होंने जवाब दिया, जिस तरह से उन्होंने बीच में सकारात्मक इरादा दिखाया और जिस तरह से हार्दिक और दुबे ने अपना अनुभव दिखाया, वह शानदार था। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में हम बात कर रहे हैं - खुद को अभिव्यक्त करना और आप उसी तरह से बल्लेबाजी करते हैं जैसे आप नेट्स में करते हैं।इंग्लैंड की ओर से आक्रामक शुरुआत हुई क्योंकि सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट और बेन डकेट ने पावर-प्ले के दौरान भारत के तेज गेंदबाजों को परेशान किया। डकेट, विशेष रूप से शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने सिर्फ 19 गेंदों पर 39 रन बनाए। इंग्लैंड छह ओवर में 62/0 के स्कोर पर अच्छी स्थिति में दिख रहा था।

## हैदराबाद तूफान ने सूरमा क्लब को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

राउरकेला,( आरएनएस)। हैदराबाद तूफ़ान ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 3-1 से हराकर हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फ़ाइनल में प्रवेश करते हुए सीज़न का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। हैदराबाद तूफ़ान का सामना शनिवार को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स से होगा।

सेमीफ़ाइनल जैसे मैच में, हैदराबाद तूफ़ान ने 25वें मिनट में अमनदीप लाकड़ा के ज़रिए पहला गोल किया, जिसके बाद जैकब एंडरसन (35) और नीलकांत शर्मा (43) ने उनके स्कोर में इज़ाफ़ा किया, जबकि जेरेमी हेवर्ड (60) ने मैच के अंतिम समय में सूरमा के लिए सांत्वना भरा गोल किया।

इससे पहले, तूफ़ान ने आठवें मिनट में तलविंदर सिंह के शानदार प्रदर्शन के बाद खेल का पहला पेनल्टी कॉर्नर जीता। गोंजालो पेइलट ने पेनल्टी कॉर्नर से गेंद को वापस तलविंदर की ओर भेजा, लेकिन वह समय पर गेंद को पकड़ नहीं पाए।

दो मिनट बाद मुकुल शर्मा और टिम ब्रैंड ने मिलकर तूफ़ान को कई मौके दिए। मुकुल ने दाएं तरफ से एक शानदार क्रॉस बनाया और ब्रैंड ने गेंद को गोल की ओर मोड़ने में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन विन्सेंट वानाश की पोजिशनिंग एकदम सही थी और उन्होंने गेंद को रोक दिया।

शुरुआती कुछ मिनटों में खतरनाक दिखने के बाद, सूरमा हॉकी क्लब ने पहले क्वार्टर में 11 सेकंड बचे होने पर पेनल्टी जीतकर अपना मौका बनाया। उनके कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक शानदार ड्रैग-फ्लिक मारा, लेकिन बिक्रमजीत सिंह ने शानदार ब्लॉक करके शानदार रिफ्लेक्स दिखाया।

दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही वानाश को एक्शन में बुलाया गया, जब पेइलट ने अपनी स्टिक से एक शॉट को बाहर आने दिया, लेकिन बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने इस प्रयास को विफल करने के लिए अपना दाहिना पैड बाहर निकाला। निकोलस कीनन ने दूसरे छोर पर शानदार 3डी हॉकी के साथ गुरजंत के लिए एक मौका बनाया, लेकिन गुरजंत अपनी स्टिक को गेंद पर नहीं लगा पाए। 25वें मिनट में तूफ़ान के लगातार दबाव का फ़ायदा तब मिला जब अमनदीप लाकड़ा ने बेहतरीन फिनिश के साथ गोल किया। पहले बैट्री में मौजूद अमनदीप ने गेंद को पकड़ा और एक जोरदार स्ट्राइक किया, जिसने वानाश और पोस्ट मैन को चकमा देकर तूफ़ान को महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी।

## कोहली के जोरदार नारे के बाद बिशन सिंह बेदी स्टैंड के किनारे पर काले कवर लगाए गए

नई दिल्ली, ,( आरएनएस)। दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच का तीसरा दिन शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में फिर से शुरू हुआ, तो विराट कोहली पवेलियन में स्थित ड्रेसिंग रूम से सटे बिशन सिंह बेदी स्टैंड के किनारे पर काले कवर लगाए गए।डीडीसीए के सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह काले कवर लगाए गए थे, क्योंकि दिल्ली और रेलवे दोनों टीमें पिछले दो दिनों से बिशन सिंह बेदी स्टैंड में स्थित ड्रेसिंग रूम के किनारे भीड़ लगाए हुए प्रशंसकों के शोर से परेशान थीं। यह नारा तब और तेज हो गया जब शुक्रवार को दूसरे दिन के खेल के दौरान प्रशंसकों ने करिश्माई विराट कोहली की एक झलक पाने के लिए किनारे को घेर लिया, जो छह रन पर आउट होने के बाद दिल्ली टीम के ड्रेसिंग रूम की बालकनी में बैठे थे और उनका, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और उनके उपनाम चीकू का नाम लेकर नारे लगा रहे थे।



सूत्रों ने बताया, पिछले दो दिनों से दिल्ली और रेलवे दोनों ही टीमें बिशन सिंह बेदी स्टैंड में ड्रेसिंग रूम के किनारे प्रशंसकों के शोर से परेशान थीं और उन्होंने इसकी शिकायत की। नतीजतन, डीडीसीए और सुरक्षा अधिकारियों ने फैसला किया कि शनिवार को तीसरे दिन के खेल के लिए उस किनारे पर काले कवर लगाए जाएंगे। इसके अलावा, सुरक्षा के दृष्टिकोण से, शनिवार को प्रशंसकों के प्रवेश के लिए गेट 17 और 18 को भी बंद कर दिया गया है।

## चयनकर्ता हमेशा ही बेहतरीन खिलाड़ी को बनाना चाहिए : अमरनाथ



जयपुर (ए)। पूर्व क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ ने कहा है कि जब आप काफी सीनियर होते हैं तो खेल में रनों की भूख पहले की तरह नहीं रह जाती। ऐसे चयनकर्ताओं की भूमिका और अहम हो जाती है। इससे भी फर्क पड़ता है कि चयनकर्ताओं में कितना अनुभव है और उनमें क्या योग्यता है। माना जा रहा है कि अमरनाथ ने ये बात रोहित शर्मा और विराट कोहली को खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम में बरकरार रखे जाने पर कही है। अमरनाथ ने कहा 'चयनकर्ता हमेशा ही बेहतरीन खिलाड़ी को बनाना चाहिए। वहीं अगर ऐसा नहीं होगा तो वे मजबूत फैसले नहीं ले पाएंगे। रोहित और विराट के बारे में फैसला कोई मजबूत चयनकर्ता ही ले सकता है।' एक कार्यक्रम में अमरनाथ ने ये बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा, 'एक समय पर अमरनाथ नाम के साथ ही बीसीसीआई को परेशानी हो जाती थी। मेरे पिता से भी थी और फिर इसी नाम की वजह से हमसे हुई। अगर हमारा सरनेम दूसरा होता, तो हमें टीम से हटाया नहीं किया जाता। '

उन्होंने कहा कि बिशन सिंह बेदी सबसे बेहतरीन कप्तान थे। वे अपने खिलाड़ियों के लिए लड़ते थे। ऐसे ही इमरान खान बेहतरीन कप्तान थे। अमरनाथ ने साथ ही कहा, 'सचिन, विराट और सुनील गावस्कर में से किसी को चुनना होगा तो मैं सनी को चुनूंगा।' मोहिंदर अमरनाथ ने कहा, 'मैं जहां पढ़ा, वहां अंग्रेजी बोलना तो अपराध ही था। मैं हिंदी में लिखता था और बाद में उसे ट्रांसलेट करता था। उन्होंने कहा कि मेरे पिता जानते थे कि हम क्रिकेटर बन गए, तो हम क्या बन जाएंगे। वे हमेशा ऐसे ही व्यवहार करते थे। चोट लगती थी, तो यह नहीं कि आराम करो। वे कहते थे कि बर्फ लगाओ और खेलने जाओ।' अमरनाथ ने कहा कि वे हमेशा संदेह में रहते थे कि अगला मैच खेलेंगे या नहीं पर चुनौती हमेशा आपको तैयार करती है। वैसे भी दो मैच में गलत खेला और आप बाहर हालांकि कई खिलाड़ियों को ज्यादा मौके मिलते हैं। अमरनाथ ने कहा, 'लेकिन इसने मुझे तैयार होने के और अपनी कमजोरियों पर काम करने के अवसर दिये।

## चैंपियंस ट्रॉफी से वापसी करना चाहते हैं फखर

लाहौर (ए)। पाकिस्तान ने अभी तक आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम घोषित नहीं की है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने कहा कि वह वह चैंपियंस ट्रॉफी से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। फखर ने कहा कि अब वह पूरी तरह से अपनी बीमारी से उबर गये हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। फखर पुरुष टी20 विश्व कप 2024 में आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले के बाद से ही टीम से बाहर हैं। वह जिम्बाब्वे, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भी टीम में नहीं थे। इस बल्लेबाज ने चैंपियंस कप टी20 में मार्खोर्स के लिए खेला और तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। फखर ने 10 मैचों में 30.30 के औसत से 303 रन बनाए थे।फखर ने कहा कि वह अगले सफेद गेंद में पाक की ओर से खेलेंगे, इसका उन्हें भरोसा है। फखर ने कहा, बहुत से लोग इसके बारे में नहीं जानते हैं, लेकिन टी20 विश्व कप के बाद मैं बीमार हो गया था और फिट नहीं था, इसलिए मैं टीम से बाहर था। लेकिन अब मैं 100 फीसदी ठीक हो गया हूं।

# पीड़ित अनुसुचित जाति के लोगों ने दिया तहसील कार्यालय परिसर में धरना,सौपा ज्ञापन, मांगा न्याय

**हथियार लेकर पहुंचे दबंग लोगों ने मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने के लिए जड़े ताले दलित परिवार के साथ की मारपीट**



सीहोर (निप्र)। दबंगों से भयभीत पचामा के पीड़ित अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों ने शनिवार को तहसील कार्यालय परिसर में न्याय की मांग को लेकर धरना दिया और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर भी आक्रोश व्यक्त किया। दबंगों पर सख्त कार्रवाही सहित मकान वापस दिलाने की मांग को लेकर पीड़ितों ने तहसीलदार नीलम परसेडिया और शहर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत को ज्ञापन भी दिया।दलित अनुसुचित जाति वर्ग के लोगों के साथ जिले में अन्याय अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। फरियादियों के द्वारा कई बार आवेदन निवेदन करने के बाद भी न्याय नहीं मिल रहा है ऐसा ही मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के पचामा में सामने आया है जहां हथियार लेकर पहुंचे दबंग लोगों ने जबरदस्ती मकान पर कब्जा करने के लिए ताले जड़ दिए और दलित परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित दलित परिवार ने सौ नम्बर लगाकर पुलिस को बुलाया लेकिन कोतवाली पुलिस ने हमले के बचाव में एक दबंग को मामूली चोट लगने पर उटे पीड़ित दलित परिवार पर ही मारपीट का मामला दर्ज कर दिया।परिजनों के साथ धरने पर बैठी पीड़िता अयोध्या बाई पति रामचरण मालवीय निवासी ग्राम पचामा ने ज्ञापन में बताया की शुक्रवार 31 जनवरी की सुबह मुकेश चौहान, जसपाल चौहान और अन्य 5 लोग घर पर आये और डंडे पत्थर मारकर तोडा फोड़ी शुरू कर दी और दरवाजे पर ताला लगाने लगे, ताला लगाने से मना करने पर यह नहीं माने और मेरे बेटे राम प्रसाद और मुझ पर डंडे पत्थर ईटो से हमला कर दिया। पीड़िता ने बताया की पचामा लसुडिया़ रोड के पास उनके नि संतान भाई का मकान है बुजुर्ग भाई की देखरेख वही करती थी बीते दिनों भाई की मृत्यु हो गई जिस के बाद से ही मुकेश चौहान, जसपाल चौहान मेरे भाई से मकान को खरीदना बता रहे है लेकिन खरीदी के कोई भी दस्तावेज लिखा पढ़ी नहीं दिखा रहे है। जबकी भाई ने कभी मकान बेचा ही नही है। मकान हड़पने के लिए पंचायत से इन्होने फर्जी पटटा भी बनवा लिया है जबकी असली पटटा और दस्तावेज आज भी भाई के नाम पर ही है। पीड़िता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दबंगों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग प्रशासन से की है।

### एनएसएस शिविर के छठे दिन प्रभात फेरी, प्रेरक सत्र और कैंपफायर का आयोजन

सीहोर (निप्र)। वीआईटी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई। इसके बाद एक प्रेरक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. अनंत कुमार सक्सेना (कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय), राहुल सिंह परिहार (कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय) एवं ईटीआई के प्रतिनिधि मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. सेंथिल कुमार अरुमुगम, उपकुलपति डॉ. टी. बी. श्रीधरन एवं कुलसचिव के. के. नायर भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. अनंत कुमार सक्सेना ने जीवन में एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अनुशासन और सेवा भावना विकसित करने का एक सशक्त माध्यम बताया।

# देवास भोपाल फोरलेन सीएसआर प्रशासन द्वारा नेत्र शिविर का किया गया आयोजन



सीहोर (निप्र)। शनिवार को फंदा टोल प्लाजा पर देवास भोपाल फोरलेन सीएसआर प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रोजेक्ट निरामया के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में 69 वाहन चालकों एवं नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्में वितरित किए गए। इस मौके पर पुलिश प्रशासन के साथ परियोजना संचालक अजय मिश्रा, नितिन अग्रवाल, प्लाजा प्रबंधक विरेंद्र सिंह चौधरी,राजीव मिश्री, डॉ. अर्पित भार्गव (एमबीबीएस) अपोलो फाउंडेशन संदीप सिंह मकवाना स्टाफ नर्स, नरेंद्र मकवाना सामुदायिक सहायक उपस्थित रहे ।

# स्कूल में हुआ केरियर मार्गदर्शन मेला का आयोजन



सीहोर (निप्र)। शा.उ.मा.वि. मुंगावली में कक्षा 10 वीं, 11 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं के लिए करियर मार्गदर्शन मेला लगाया गया। मेले का शुभारंभ प्राचार्य आर.डी.सोलंकी द्वारा किया गया। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। आयोजन में जितेंद्र बड़ोदिया द्वारा छात्रों को यह बताया गया कि किस विषय में केरियर की क्या-क्या संभावना है एवं छात्र-छात्राओं को उनके प्रश्नों के उत्तर देकर उचित मार्गदर्शन दिया। श्री बड़ोदिया द्वारा हर एक विषय का स्टाल लगाया गया। जिससे छात्र-छात्राओं को जिस विषय में रुचि है। वह उस विषय के स्टॉल पर जाकर विशेष विशेषज्ञों से सलाह ले सके। इस अवसर पर राजेश कसौटिया, ज्योति त्यागी, रेखा विश्वकर्मा, प्रभा सूर्यवंशी, सुनीता भदोरिया, रितेश राठौर, मुकेश सिसोदिया, कमलेश वर्मा घनश्याम मोहनिया सहित समस्त स्टाफ का भी विशेष सहयोग रहा।

## माँ नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम नगर के गौरव दिवस महोत्सव के दौरान ड्रोन संचालन पर प्रतिबंध

नर्मदापुरम (निप्र) । 03 और 04 फरवरी 2025 को माँ नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम नगर के गौरव दिवस महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सेठानी घाट एवं नगर के अन्य घाटों पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ संपन्न होगा। विशेष रूप से मुख्य आयोजन 04 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सेठानी घाट पर आयोजित होना प्रस्तावित है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डीके सिंह द्वारा कार्यक्रम के दौरान अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा कारणों से 1000 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के ड्रोन, पैराग्लाइडर, यू.ए.वी. आदि के उड़ान भरने या परिचालन करने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है।यह प्रतिबंध सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है। उल्लंघन करने पर संबंधित ड्रोन को संदिग्ध मानते हुए उसे नष्ट या जब्त किया जाएगा और संचालक तथा मालिक के खिलाफ ड्रोन रूल-2021 के उल्लंघन के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## मालवीय बलाई समाज का परिचय सम्मेलन आज

सीहोर( निप्र)। मालवीय बलाई समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन स्थानीय अंबेडकर धर्मशाला भोपाल नाका मुर्दी सीहोर में आज दिनांक 2 फरवरी को समय 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। समाज के लोंगो से अपील की गई है कि सम्मेलन मे अधिक से अधिक सख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये । परिचय सम्मेलन में सीहोर, भोपाल, राजगढ़, शाजापुर, देवास, उज्जैन, इन्दौर सहित प्रदेश भर से समाजजन उपस्थित होगें। जिसमें मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह सोलंकी (सांसद देवास, शाजापुर) कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल सिंह इंजीनियर (विधायक आष्टा) विशेष अतिथि चिन्तामणी मालवीय (विधायक आलोट-पूर्व सांसद उज्जैन), महेश परमार (विधायक तराना), रघुनाथ सिंह मालवीय (पूर्व विधायक आष्टा), कमल सिंह चौहान (जि, पं. सदस्य, सीहोर), रामलाल मालवीय (पूर्व विधायक घटिया), शशीन्द्र चौहान (पूर्व एस.पी. सीहोर), दीपचन्द मालवीय (अध्यक्ष बोसवा), अध्यक्ष जनमसिंह परमार, संस्थापक अनार सिंह मालवीय, संयोजक बाबलाल मालवीय, (आयोजन समिति) अध्यक्ष जितेन्द्र मालवीय, राजेश मालवीय पूर्व अध्यक्ष, सवाई सिंह परिहार, डॉ. आर. आर. मालवीय, कमल सिंह मालवीय कवि, संजय मालवीय, धर्मेन्द्र मालवीय, देवेन्द्र पंडया इन्दौर बलराम भदोरीया, पीयुष मालवीय, रामस्वरूप मालवीय श्यामपुर, आर.पी. मालवीय, लखनलाल दुगारिया, नर्मदा प्रसाद सिसौदीय कालापीपल, डॉ. अशोक अकुमार सौलकी राजगढ़, डॉ. जी. आर. मालवीय, लक्ष्मण सिंह सांकलिया आदि शामिल रहेगें।

# कलेक्टर ने इछावर सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

**अस्पताल आने वाले मरीजों को मिलें त्वरित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं - कलेक्टर बालागुरू के**



सीहोर( निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. ने इछावर के सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में आने वाले मरीजों का बेहतर इलाज एवं समुचित देखभाल के चिकित्सकों को निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में जांच एवं दवाओं की उपलब्धता तथा स्टाफ के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि जब कोई मरीज अस्पताल आता है, तो मरीज और उसके परिजन मानसिक रूप से परेशान और विचलित होते हैं। उनकी यह अपेक्षा होती है कि शीघ्र मरीज को भर्ती किया जाए एवं जल्द इलाज मिले। ऐसे समय में चिकित्सकों एवं अस्पताल के स्टाफ को पूरी संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना चाहिए। अस्पताल के चिकित्सकों की संख्या कम होने की जानकारी मिलने पर कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सकों तथा स्टॉफ की उपलब्धता के लिए शासन स्तर पर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अस्पताल के नवनिर्मित भवन की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सा सुविधाओं और साफ-सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनके अनुभव और समस्याओं को सुना। उन्होंने चिकित्सालय के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर इलाज और दवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने विभिन्न वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी, एक्सरे, पैथोलॉजी, स्टोर, एनआरसी, दवा वितरण कक्ष सहित पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान एसडीएम जमील खान, बीएमओ डॉ अंकित चांडक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल का किया निरीक्षण

प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के विवाह के लिए गरीब परिवारों को सहायता देने वाली मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत 03 फरवरी 2025 को इछावर में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सामूहिक विवाह सम्मेलन के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को समय पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आगमन, निर्गमन, गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं पेयजल, बैरिकेटिंग, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, यातायात, वर-वधु तथा उनके परिजनों के लिए बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जमील खान, इछावर जनपद सीईओ श्रीमती शिवानी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आवासीय खेल परिसर का किया निरीक्षण

कलेक्टर बालागुरू के ने सीहोर स्थित आवासीय खेल परिसर का निरीक्षण किया तथा वहां संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने आवासीय खेल परिसर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों से चर्चा की। उन्होंने आवासीय खेल परिसर के प्राचार्य आलोक शर्मा से सालभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लिए निर्धारित खेल कैलेंडर, विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण, खेलों के आयोजन, व्यवस्थाएं तथा आवासीय खेल परिसर में खिलाड़ियों के प्रवेश के संबंध में जानकारी ली।

# नर्मदा महापुराण में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मनुष्य के शरीर में स्थित जीवात्मा के कल्याण का मार्ग गुरु से ही प्राप्त हो सकता-पंडित चेतन उपाध्याय**



सीहोर( निप्र)। मनुष्य के शरीर में स्थित जीवात्मा के कल्याण का मार्ग गुरु से ही प्राप्त हो सकता है इसलिए हमें जीवन में संत महात्मा और गुरु का सानिध्य अवश्य प्राप्त करना चाहिए। उक्त विचार शहर के ब्रह्मपुरी कालोनी स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर में समस्त महिला मंडल ब्रह्मपुरी कालोनी के तत्वाधान जारी संगीतमय सात दिवसीय नर्मदा पुराण के चौथे दिन कथा व्यास पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। इस मौके पर शनिवार को सुबह पांच हजार से अधिक पार्थिव शिव लिंगों का निर्माण किया गया, वहीं दोपहर में कथा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का सेवन किया। कथा के दौरान उन्होंने मां नर्मदा के विभिन्न घाटों का विस्तार से वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हम पर दया और कृपा करके ये मानव शरीर दिया है जो कि परमात्मा की बड़ी कृपा है। हमें परमात्मा की भक्ति कर इस मानव शरीर और उसमें स्थित जीवात्मा का कल्याण करना है। क्योंकि ये मानव जीवन व मानव शरीर हमें बार-बार नहीं मिलने वाला। संत मानव जीवन मिलने के बाद मनुष्य ना तो भक्ति करता है ना भजन करता तथा दुनिया रूपी पाप के पीछे भागता रहता है, जबकि उसे ये जानना आवश्यक है कि हम कौन है कहां से आए और जाना कहां है। मनुष्य का संत महात्मा और गुरु के बताए मार्ग पर चलकर अपनी जीवात्मा का कल्याण करना चाहिए। क्योंकि संत महात्मा ही जीवात्मा को ये समझाते है कि परमात्मा को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। जहां दुनिया का ज्ञान समाप्त होता है वहां से आध्यात्मवाद शुरू होता है। अध्यात्मवाद के बारे में जानने के लिए संत महात्मा व गुरु की खोज कर उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन का कल्याण करें। हर मनुष्य ऐसी छाव चाहता है जहां उसे ठंडक मिले और वो मार्ग संत महात्मा ही से ही मिल सकता है। समस्त महिला मंडल ब्रहपुरी कालोनी ने बताया कि कथा का विश्राम चार फरवरी को किया जाएगा। कथा दोपहर एक बजे से आरंभ होती है। वहीं शिव अर्चना सुबह की जाती है।

## आल इंडिया वुमंस फुटबाल प्रतियोगिता में खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर की राजस्थान पर 1-0 से रोमांचक विजय



सीहोर( निप्र)। महु में आल इंडिया वुमंस फुटबाल प्रतियोगिता में खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर की महिला टीम ने रोमांचक मुकाबले में राजस्थान को 1-0 से हराया। इस मैच में शुरू से ही सीहोर की टीम ने अपना शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि महु में खेली जा रही आल इंडिया वुमंस प्रतियोगिता में सीहोर की टीम ने राजस्थान को रोमांचक मुकाबले में हराया। इस मैच में एक मात्र गोल सीहोर की प्रंजालि ने किया। वहीं एक मुकाबला सीहोर के चर्च मैदान पर खेला गया। जिसमें सीहोर बाइज ने सीहोर चिल्ड्रन को 1-0 से हराया। इस मैच में सीहोर की ओर से अदनान ने एक गोल किया था। टीम की इस कामयाबी पर सभी खेल संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## तीन पंचायत सचिवों को सेवानिवृत्ति उपरांत दी गई भावपूर्ण विदाई

### सेवानिवृत्त के बाद भी जो जिम्मेदारी दी जाएगी उसका पालन किया जाएगा-उर्मिला जैन

सीहोर( निप्र)। सरकार भी कर्मचारियों को पेंशन देती है। ऐसे में किसी भी सेवानिवृत्त अधिकारी की जिम्मेदारी बन जाती है कि उसने समाज से जो लिया है वह उसे वापस करे। अगर आप ऐसा करते हैं, तो आप खुद को भी सक्षम समझेंगे, ब्लाक जनपद पंचायत सचिव संगठन हमें जो भी जिम्मेदारी देगा उसका पालन किया जाएगा। उक्त विचार शनिवार को शहर के गणेश मंदिर स्थित एक निजी गार्डन में सेवा निवृत्त हो रहे तीन सचिवों ने संकल्प लिया। इस मौके पर सेवा निवृत्त सचिव उर्मिला जैन ने कहा कि आपके द्वारा किया गया




समारोह से हम आपके सदैव ऋणी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सुदेश राय और जनपद पंचायत सीहोर की सीईओ नमिता बघेल और मध्यप्रदेश पंचायत संगठन ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम मेवाड़ा और उनकी ब्लॉक कार्यकारिणी ने लगातार तीस सालों से सेवा देने वाले सचिव उर्मिला जैन, रमेश भार्गव और शिव नारायण राठौर को विदाई दी।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला सीहोर (म.प्र.)

E-mail modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक/180/खनिज/2025, सीहोर, दिनॉक- 10/1/2025

**मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार जैन आ. श्री मुन्नालाल जैन निवासी हाउस नं. 283 मंगलमय विलास कॉलोनी कुलामंडी रोड नर्मदापुरम के द्वारा के द्वारा उत्खनिपटटा अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 33840 दिनांक 18.07.2024 को प्रस्तुत किये गये है। इस क्षेत्र पर 30 दिवस तक यथा स्थिति उत्खनिपट्टा अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | बुधनी | पनारी | 147/149/1क 212/148/1घ,212 /148/3क/1,147 /149/1क,212/1 48/1घ,212/148/ 3क/3,147/149/ 1क,212/148/1 घ, 212/148/3क/5 | 1.493 हे. | शासकीय भूमि | यांत्रिकी क्रिया से गिट्टी निर्माण हेतु पत्थर खनिज | कुल रकबा 1.493 हेक्टयर क्षेत्र पर नवकरण आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। |
| | | | कुल रकबा | 1.493 हे. | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला सीहोर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

खनि-अधिकारी
जिला-सीहोर

जी/22494/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com